राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद सी–2/10,
सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया,
श्री अरविन्दो मार्ग
नई दिल्ली–110018, दिनांक 29, दिसम्बर 1998

एफ० संख्या 28–9/96–एन०सी०टी०ई०—धारा 32 की उप धारा (2) के खंड (च) तथा (ज) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 तथा 15 के साथ पढ़ा जाय, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद [शिक्षा के आमने-सामने के माध्यम के अतिरिक्त मुक्त दूरस्थ शिक्षा अथवा उसके समकक्ष किसी अन्य माध्यम सहित पत्राचार अथवा दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी०एड०) की उपाधि के लिये कोई पाठ्यक्रम चलाने वाले अथवा उन माध्यमों से इस उपाधि के लिये जिनका ऐसा कोई पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का विचार है, संस्थानों की मान्यता की तथा कोई नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण] विनियम, 1996, जिन्हें एफ–28–9/96 एन० सी० टी० ई०, दिनांक 6 फरवरी, 1997 के अंतर्गत जारी किया गया था, आगे और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित विनियम बनाये गये हैं :

1. इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद [शिक्षा के आमने-सामने के माध्यम के अतिरिक्त मुक्त दूरस्थ शिक्षा अथवा उसके समक्ष किसी अन्य माध्यम सहित पत्राचार अथवा दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी० एड०) की उपाधि के लिये कोई पाठ्यक्रम चलाने वाले अथवा उन माध्यमों से इस उपाधि के लिये जिनका ऐसा कोई पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का विचार है, संस्थानों की मान्यता की तथा कोई नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण] (संशोधन) विनियम, 1998 है ।

2. ये विनियम तत्काल से लागू माने जाएंगे ।

3. अध्यापक शिक्षा परिषद [शिक्षा के आमने-सामने के माध्यम के अतिरिक्त मुक्त दूरस्थ शिक्षा अथवा उसके समकक्ष किसी अन्य माध्यम सहित पत्राचार अथवा दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी० एड०) की उपाधि के लिये कोई पाठ्यक्रम चलाने वाले अथवा उन माध्यमों से इस उपाधि के लिये जिनका ऐसा कोई पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का विचार है, संस्थानों की मान्यता की तथा कोई नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण] विनियम 1996 के परिशिष्ट ।। तथा उक्त विनियम 1996 के पैरा 9 के उपपैरा (ख) तथा पैरा 10 के उपपैरा (ख) में जिसका उल्लेख है, के स्थान पर संलग्न परिशिष्ट–।। अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए निर्धारित मानक और मानदंड—(पत्राचार सहित शिक्षा-स्नातक दूरस्थ शिक्षा) (माध्यमिक) को रखा जाएगा ।

सुरेन्द्र सिंह
सदस्य सचिव

परिशिष्ट—।।

25.5–98/09/11/1998

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये निर्धारित मानक और मानदंड

पत्राचार सहित दूरस्थ माध्यमिक से शिक्षा स्नातक उपाधि (बी० एड०)

(माध्यमिक)

शिक्षा संस्थानों के लिये मानक और मानदंड पत्राचार सहित दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी० एड०) माध्यमिक

अनुक्रमणिका

1. प्रस्तावना

1.1 पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी०एड०) कार्यक्रम के लिये दिशानिर्देश—सार संक्षेप

2. मानव संसाधन

2.1 मुख्यालय/मोडल केन्द्रों के लिये कर्मचारी वर्ग ।
2.2 अध्ययन केन्द्रों के लिये कर्मचारी वर्ग ।
2.3 अध्यापक वर्ग ।
2.4 सहायक तकनीकी कर्मचारी वर्ग ।
2.5 प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग एवं सहायक कर्मी ।
2.6 कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति का स्वरूप ।

3. ढांचागत आधारभूत साज-सामान

3.1 मुख्यालय/नोडल केन्द्र ।
3.1.1 भूखंड तथा स्थान ।
3.1.2 भवन में स्थान ।
3.1.3 कर्मचारी आवास (स्टाफ क्वार्टर्स) ।
3.2 अध्ययन केन्द्र ।
3.2.1 भवन में स्थान एवं सुविधाएं ।
3.2.2 प्रयोगशालाएं ।
3.2.2.1 सामान्य प्रयोगशालाएं ।
3.2.2.2 पाठ्यक्रम विशेष प्रयोगशालाएं ।
3.2.3 उपस्कर (यंत्र-संयंत्र) ।
3.2.3.1 प्रयोगशालाएं ।
3.2.3.2 खेल और खेल क्रीड़ाएं (स्पोर्ट्स) ।
3.2.4 पुस्तकें और पत्रपत्रिकाएं ।
3.3 व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम केन्द्र ।
3.4 क्षेत्रीय प्रायोगिक शिक्षण अभ्यास केन्द्र ।

attested
27/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
नेहरू भवन, दिल्ली–54

167

IndiaCode

4. शैक्षणिक अवधान

4.1 अवधि ।
4.2 पात्रता ।
4.3 सामग्री ।
4.4 सम्पर्क कार्यक्रम ।
4.5 मूल्यांकन ।
4.6 विद्यार्थी सहायता पद्धति ।
4.7 प्रायोगिक ।
4.8 अंतरंग अध्यापन कार्य (इन्टर्नशिप) ।

5. वित्तीय प्रावधान

5.1 वृत्तिदान एवं आरक्षित निधि ।
5.2 लेखा-परीक्षा ।
5.3 लागत खर्च ।
5.3.1 अनावर्त्ती लागत खर्च ।
5.3.2 आवर्त्ती लागत खर्च ।

6. एक ही संस्थान में एक से अधिक पाठ्यक्रम

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए निर्धारित मानक और मानदंड

पत्राचार सहित दूरस्थ माध्यम से शिक्षा-स्नातक उपाधि (बी० एड०) माध्यमिक

1. प्रस्तावना

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने माना है कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली इस समय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को प्रशिक्षण देने का एक बड़ा ही उपयोगी एवं अनेक दृष्टियों से बड़ा ही उपयुक्त माध्यम है। यह माध्यम विद्यालयों में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा उनकी शिक्षा में निरन्तर सहयोग देने का भी एक बड़ा ही उपयोगी साधन है । फिर भी इसे अध्यापक के लिये सेवा पूर्व प्रशिक्षण अथवा अध्यापक शिक्षा में ऐसी कोई डिग्री/प्रमाणपत्र देने के माध्यम के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता जिसके आधार पर अध्यापक के रूप में नियुक्ति का अधिकार मिल जाए। इतना ही नहीं, जहां कहीं भी इस माध्यम का प्रशिक्षण के रूप में प्रयोग किया जाए, वहां यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इसके लिये जो भी निर्धारित शर्तें और अपेक्षाएं हैं, वे भी पूरी हों ।

इस दस्तावेज के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों के लिए पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से शिक्षा स्नातक (बी०एड०) की उपाधि के लिए मानक और मानदंड प्रस्तुत किये जा रहे हैं । ये मानक उन सभी संस्थानों पर लागू होते हैं जिनमें दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था है चाहे वह एक अकेले शिक्षा कार्यक्रम के रूप में प्रदान की जाती हो या फिर अन्य अनेक दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ ही साथ चलाये जाने वाले कार्यक्रमों के रूप में की जाती हो। जहां तक अन्य कार्यक्रमों के साथ प्रशिक्षण का प्रश्न है, भवन सम्बन्धी तथा अन्य भौतिक सुविधाएं अन्य कार्यक्रमों के साथ मिलकर उपयोग लाई जा सकती है, बशर्ते कि इससे पाठ्यक्रम की गुणवत्ता पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ना चाहिये । इन मानकों एवं मानदंडों में उन शर्तों का विवरण देकर यह स्पष्ट किया गया है कि मान्यता, अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अनुमति प्राप्त करने के लिये इनकी पूर्ति होना आवश्यक है ।

मानकों का उल्लेख दो वर्गों/स्तरों के अंतर्गत किया गया है यथा (1) अनिवार्य मानकों में वे न्यूनतम अपेक्षाएं निर्धारित हैं, मान्यता/अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक अतिरिक्त विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति के लिए पात्र होने की दृष्टि से सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होना अनिवार्य है और (2) अपेक्षित मानकों का अर्थ उन निर्देशों से है कम से कम उचित अवधि में जिनका लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत् प्रयत्न करते रहना आवश्यक है ।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत सुविधाओं के अंतर्गत भूखंड, भवन, स्थान, कक्ष, पुस्तकालय आदि के लिये जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिए और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है । इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि कमरे, हाल आदि उतने आकार के अवश्य हों जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप में सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

1.1 पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से बी०एड० के लिय दिशानिर्देश-सार-संक्षेप ।

— पाठ्यक्रम शीर्षक : दूरस्थ शिक्षा माध्यम से माध्यमिक विद्यालयों के लिये शिक्षा-स्नातक (बी० एड०) ।

— अधिकार क्षेत्र : प्रत्येक विश्वविद्यालय केवल उन्हीं प्रत्याशियों को प्रवेश देगा जो इस समय उन विद्यालयों में काम कर रहे हैं जो अधिनियम अथवा राज्य/संघ सरकार द्वारा उसके लिये निर्धारित भौगोलिक अधिकार-क्षेत्र में स्थित है ।

— प्रवेश के लिए योग्यताएं : प्रवेश केवल उन्हीं प्रत्याशियों को दिया जाएगा जो स्नातक हैं और जिनके पास मान्यताप्राप्त विद्यालयों में पूर्णकालिक नियमित अध्यापक के पद पर कम से कम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव है । प्रवेश शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की अवधि के आधार पर दिया जायेगा । वरीयता माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाले अध्यापकों को दी जायेगी ।

attested सहायक नियंत्रक (प्रशासन) 27/4/11
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेविल लाइन्स, दिल्ली-54

168

IndiaCode

— सीटों की संख्या : सीटों की अधिकतम संख्या कितनी रहे, इसका निर्णय हर बार विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित राज्य सरकार के बीच परामर्श से किया जायेगा । निर्णय करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखा जायेगा :

— अधिकार क्षेत्र ।

— मानव संसाधन विकास सम्बन्धी आवश्यकताएं ।

— विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में अध्यापको की आवश्यकाएं ।

— राज्य में अप्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या ।

— विश्वविद्यालय की आयोजन क्षमता ।

—कार्यक्रम को सम्पादित करने में सहायता देने के लिये पारम्परिक अध्यापक शिक्षा-प्रणाली की क्षमता। केवल उन्हीं शिक्षा संस्थानों को जो बी० एड० कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहें हैं और जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है, अध्ययन केन्द्रों का नाम दिया जा सकेगा ।

एक संस्थान द्वारा केवल एक ही अध्ययन केन्द्र चलाने की अनुमति दी जायेगो । एक केन्द्र में एक बैंच में अध्यापक विद्यार्थी 100 से अधिक नहीं रहेंगे । आदान-प्रदान सत्र में 30 से अधिक विद्यार्थी नहीं होंगे । समूह कार्य का आयोजन दस-दस विद्यार्थियो के छोटे-छोटे समूहों में किया जायेगा ।

— अवधि : प्रवेश की औपचारिकताओं में व्यय होने वाले समय को छोड़कर 24 माह । कार्यक्रम को पूरा करने में अधिकतम पांच वर्ष से अधिक समय नहीं लगना चाहिये ।

— शिक्षा शुल्क : शुल्क विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित सरकार द्वारा अधिकतम उस सीमा तक लिया जायेगा जिससे कार्यक्रम को संचालित करने का खर्च पूरा हो सके ।

— कार्यक्रम संघटक

— दूरस्थ शिक्षा फार्मेट में स्वयं पढ़कर सीखने की पर्याप्त मुद्रित पाठ्यक्रमों सामग्री । नमूने के बतौर सामग्री का मूल्यांकन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया जायेगा ।

— श्रव्य-दृश्य सामग्री (ओडियो-वीडियो पैकेजेज) की व्यवस्था ।

— नियमित एसाइनमेन्ट्स, जिनका निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा-पूरा मूल्यांकन आवश्यक । प्रत्येक प्रश्नपत्र/पाठ्यक्रम में निर्धारित दो एसाइनमेन्ट्स रहेंगे जिनमें एक एसाइनमेन्ट अभ्यास कार्य से सम्बन्धित रहेगा ।

— चार सप्ताह का अंतरंग अध्यापन कार्य (इन्टर्नशिप) इस अवधि के दौरान विद्यार्थी-अध्यापकों को उन विद्यालयो में जहां वे सेवारत हैं, कम से कम 40 पाठ पढ़ाने होंगे, जिनमें से 10 पाठ पढ़ाते के समय प्रशिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय विभाग के नियमित अध्यापक-प्रशिक्षक पर्यवेक्षण के लिये उपस्थित रहेंगे ।

— कम से कम 300 घंटे का अनिवार्य सम्पर्क कार्यक्रम जिसमें 12 सप्ताह तक प्रति दिन अधिक से अधिक 6 घंटे तक यह कार्यक्रम चलेगा । ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभागों/शिक्षा महाविद्यालयों के योग्यताप्राप्त अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा चलाये जाएंगे । कार्यक्रम के दौरान समूह कार्य, व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रतिक्रियाओं, अनुभवजन्य ज्ञान और दस-दस विद्यार्थियों अध्यापकों के छोटे-छोटे समूहो में क्षत्र में प्रत्यक्ष रूप में तथा अन्य व्यक्तियों के माध्यम से प्राप्त अनुभवों पर जोर दिया जायेगा । किसी भी सम्पर्क कक्षा में एक समूह में 30 से अधिक विद्यार्थी अध्यापक नहीं रहेंगे ।

— मूल्यांकन पूरा-पूरा और व्यापक स्तर पर होगा और निरन्तर चलता रहेंगा जिसमें सिद्धान्त पाठ्यक्रमों में हुए मूल्यांकन में कम से कम 30 प्रतिशत अंक और जोड़ दिये जाएंगे ।

— शुल्क उतना ही लिया जायेगा जो कार्यक्रम के संचालन पर होने वाले खर्च के लिये काफी रहे ।

— कर्मचारी वर्ग : 500 विद्यार्थियों को प्रवेश देने पर 10 अध्यापक 1 अध्यापन केन्द्रों पर 10 विद्यार्थियों के लिये 1 अध्यापक ।

— सम्पर्क कार्यक्रमों के लिए निश्चित अवधि को छोड़कर परीक्षाएं उनके लिये विनिर्दिष्ट दिनों में ही ली जाएंगी । सम्पर्क कार्यक्रमों में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

2. मानव संसाधन

2.1 मुख्यालय/नोडल केन्द्रों के लिए कर्मचारी

दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से कार्यक्रम को चलाने में अनेक प्रकार की गतिविधियां जैसे कि पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना, पाठ्यक्रम विकास, परामर्श, शोध-प्रबन्ध लेखन में मार्गदर्शन विद्यार्थियों के दत्तकार्य (एसाइनमेन्ट्स) की जांच स्वयं पढ़कर सीखने की सामग्री में स्वयं किये गये संशोधन कार्य की निगरानी, सम्पर्क कार्यक्रमों का आयोजन, अध्ययन केन्द्रों पर कर्मचारी वर्ग में रूचि जागृत करना आदि जैसे कार्य सम्मिलित हैं । मुख्यालय/नोडल केन्द्रों पर कार्यरत संकाय यह सुनिश्चित करेगो कि इन सभो क्षेत्रों में सम्बन्धित विषयों का कार्य उपयुक्त रूप में कार्यान्वित हो । निश्चय हो यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालयों और नोडल केन्द्रों दोनों ही स्थानों पर इस कार्य के लिये अपेक्षित सुविधाएं तथा विशेषज्ञों

attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग

169

की सुविधा उपलब्ध रहें । परीक्षा लेने वाले विश्वविद्यालय/केन्द्रीय इकाई मात्र एक प्रशासनिक निकाय के रूप में ही कार्य नहीं करेंगे बल्कि साथ ही उन्हें एक सक्रिय संसाधन केन्द्र के रूप में अपना योगदान देना होगा । अतः पूर्णकालिक उच्च योग्यता-प्राप्त कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना अत्यंत ही आवश्यक है । पर्याप्त अंशकालिक संकाय-सदस्यों का होना भी आवश्यक है ।

पांच सौ विद्यार्थियों तक प्रवेश दिये जाने की स्थिति में कार्यक्रम निष्पादन पाठ्यक्रम के रखरखाव व उसमें संशोधन के कार्य के लिये विश्वविद्यालय/संस्थान मुख्यालय के स्तर पर दो प्रोफेसर तथा चार रीडरों सहित संकाय में दस सदस्य रहेंगे । फिर प्रति 500 अतिरिक्त विद्यार्थियों अथवा उस संख्या के किसी अंश के लिये संकाय में एक अतिरिक्त सदस्य और रखा जायेगा । अध्ययन केन्द्र पर प्रति दस अध्यापक-विद्यार्थियो के लिए कम से कम एक अंशकालिक प्रशिक्षक रहेगा । अंतरंग अध्यापन (इन्टर्नशिप), कार्यशालाओं और सम्पर्क कार्यक्रमों के लिय आवश्यकतानुसार अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त अंशकालिक संकाय-सदस्यों का सेवाएं पारिश्रमिक भुगतान के आधार पर ली जानी चाहिये ।

2.2 अध्ययन केन्द्र के लिये अध्यापक

अध्ययन केन्द्र के लिये अध्यापक अंशकालिक आधार पर रहेंगे ।

2.3 अध्यापक वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या		विशेषज्ञता	योग्यता और अनुभव
	अनिवार्य	अपेक्षित		
प्रधान निदेशक (प्रोफेसर की श्रेणी में)	एक	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार: शिक्षा विषय में पी०एच०डी० के साथ प्रथम/द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री । शिक्षा संस्थानों में अध्यापन तथा/या शोध कार्य अथवा प्रशासन में पाठ्यचर्या विकास ।
प्रोफेसर	एक	—	शिक्षा	प्रबन्धन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव
शिक्षा विषय में रीडर	चार	—	शिक्षा	दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अनुभव तथा/या अतिरिक्त योग्यता ।
शिक्षा विषय में प्राध्यापक (लेक्चरर)	चार	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ।

टिप्पणी : —अध्यापक वर्ग की नियुक्ति करते समय यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि यथासंभव अधिक से अधिक विधि (मेथड) विषयों में भी नियुक्तियां हों ।

2.4 सहायक तकनीकी कर्मचारी

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
सहायक लायब्रेरियन	1	2	पुस्तकालय-विज्ञान में डिप्लोमा ।
तकनीकी सहायक	1	2	आई० टी० आई० प्रमाणपत्र/डिप्लोम । उच्च माध्यमिक परीक्षा का प्रमाणप तथा श्रव्य-दृश्य साधनों में प्रशिक्षण सहित बी०एस०सी०
कम्प्यूटर प्रधालक			कम्प्यूटर शिक्षा विषय में डिप्लोमा ।

IndiaCode
Attested
(सहायक निदेशक (प्रशासन)
भ स सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
170

2.5 प्रशासकीय कर्मचारी तथा सहायक कर्मी (हेल्पर)

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
कार्यालय सहायक एवं टाइपिस्ट	1	उच्च श्रेणी लिपिक	विश्वविद्यालय—केन्द्रीय/राज्य सरकार के मानकों के अनुसार
लेखा सहायक एवं क्लर्क	1	निम्न श्रेणी क्लर्क–लेखाकार–1 टाइपिस्ट–1	—वही—
सहायक कर्मी (हैल्पर)	3	5	—वही—
ए० आर०/कार्यालय अधीक्षक/अनुभाग अधिकारी	1	—	—वही—

2.6 कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति का स्वरूप :

विधिवत निर्धारित चयन समिति द्वारा चयन के बाद ही सभी वर्गों के कर्मचारियों की नियुक्तियां पूर्णकालिक एवं नियमित होंगी ।

अध्यापक वर्ग का वेतनमान सरकार वि० वि० अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार ही होना चाहिए ।

3. ढांचागत आधारभूत साजसामान, स्थान और भवन

3.1 मुख्यालय नोडल केन्द्र :

नोडल केन्द्र के रूप में विश्वविद्यालय/संस्थान ही काम करेंगे । पाठ्यक्रम चलाने का दायित्व उन्हीं को लेना होगा । नोडल केन्द्र को (क) पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, योजना बनाने तथा उसका विकास करने, (ख) परिसर में पाठ्यक्रमों अथवा व्यक्तिगत कार्यक्रमों को आयोजित करने, (ग) अध्ययन केन्द्रों, क्षेत्र में प्रायोगिक शिक्षण–अध्यावत केन्द्रों (फील्ड प्रैक्टिकल सेन्टर्स) के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध करने तथा (घ) सभी कार्यक्रम संघटकों के लिए धन, मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण तथा मूल्यांकन की व्यवस्था करने का कार्य करना होगा ।

3.1.1 भूखंड और स्थान :

विभिन्न प्रकार के शैक्षिक तथा प्रशासकीय कार्यों के लिए पर्याप्त भूखंड लगभग 3000 वर्ग मीटर तक की व्यवस्था करनी होगी । पर्याप्त भूखंड का उपलब्ध होना क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, पाठ्यचर्या की आवश्यकताओं कर्मचारियों की संख्या आदि पर निर्भर करेगा ।

अच्छा तो यह रहेगा कि संस्थान ऐसे स्थान पर हो जहां शोरगुल न रहता हो तथा जहां का पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त हो । वहां परिवहन तथा संचार साधनों की अच्छी सुविधाएं होनी चाहिए । पीने का पर्याप्त पानी और नियमित बिजली मिलती रहनी चाहिये । कर्मचारियों, पुरुष तथा महिलाओं दोनों के लिए प्रसाधन (शौचालय) की सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिये ।

3.1.2 भवन में स्थान

कक्ष	फर्नीचर	तल क्षेत्रफल
1	2	3
1. प्रधान का कक्ष	कुर्सी–6, टेबल–1, आलमारी–1	20 व० मी०
2. संकाय कक्ष (8)	कुर्सी और मेजें—दोनों एक-एक, कुछ अतिरिक्त कुर्सियां/सीटें, आलमारी—एक-एक	8×20 व० मी०
3. सामग्री उत्पादन केन्द्र*	फाइलिंग कैबिनेट, आलमारियां आवश्यकतानुसार	80 व० मी०
4. भंडार कक्ष सामान्य (1)	—	25 व० मी०
5. उत्पादित सामग्री के भंडारण के लिए भंडार कक्ष (1)	—	50 व० मी०
6. कार्यालय कक्ष (2)	फाइलिंग कैबिनेट, आलमारियां, मेजें, कुर्सियां—आवश्यकतानुसार	2×40 व० मी०

attested

सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

171

1	2	3
7. पुस्तकालय** (1)	10 व्यक्तियों के लिए मेज-कुर्सियां, कैटलाग कैबिनेट, बुक शैल्टज—आवश्यकतानुसार	80 व० मी०
8. कम्प्यूटर कक्ष (1)	कम्प्यूटर मेज–1, कुर्सियां–1, कंसोल के लिए मेज–1	20 व० मी०
9. सम्मेलन कक्ष (1)	लम्बी मेज–1, कुर्सियां–50	60 व० मी०
10. समिति कक्ष (2)	मेजें व कुर्सियां—दोनों 20–20	प्रत्येक 30 व० मी०

*सामग्री उत्पादन केन्द्र—उत्पादन खंड

दूरस्थ शिक्षा प्रणाली वाले संस्थानों के लिए प्रशिक्षण, अध्यापन, शिक्षा ग्रहण करने और मूल्यांकन सम्बन्धी सामग्री तैयार करना आवश्यक होता है और उसे उपयोग में लाने का काम करते हैं । इस कार्यक्रम की सफलता इसी में है कि इसकी गुणवत्ता अच्छे स्तर की हो, यह अधिक मात्रा में हो और भिन्न-भिन्न प्रकार की ऐसी सामग्री तैयार की जाए ।

उपयुक्त तो यही होगा कि इस केन्द्र में लेजर प्रिन्टर के साथ डी० टी० पी०, डॉट मैट्रिक्स, जेरोक्स मशीन, इलावट्रानिक टाइपराइटर जैसे यंत्र-संयंत्र तथा मुद्रण की सुविधा उपलब्ध रहे और औडियो वीडियो कैसेट तैयार करने वाले केन्द्र हो । ओडियो कैसेट तैयार करने वाले केन्द्र में ओडियो टेप रिकार्डिंग मशीनें, उच्च श्रेणी के बहुत से टेप तैयार करने के लिए औडियो कैसेट, साउण्ड डबिंग यंत्र-संयंत्र तथा सम्पादन के काम में आने वाली मशीनों की आवश्यकता रहती है । दृश्य सामग्री तैयार करने के लिए वीडियो उत्पादन केन्द्र भी साथ में हो जिसमें वीडियो कैमरे, प्रकाश तथा ध्वनि संयंत्र, वी० सी० आर०, सम्पादन यंत्र-संयंत्र (उपस्कर) रहें ।

**पुस्तकालय :

नोडल केन्द्र में एक अच्छे सुसज्जित पुस्तकालय का होना अनिवार्य है जिसमें कम से कम 3,000 पुस्तकें रहें । साथ ही शिक्षा व्यवसाय पर कम से कम 10 पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध रहने की व्यवस्था होनी चाहिए । ऐसा प्रावधान भी रहना चाहिए कि प्रति वर्ष कम से कम 200 पुस्तकों की वृद्धि उसमें होती रहे ।

3.1.3 कर्मचारी आवास गृह अपेक्षित :

प्राचार्य/निदेशक के लिए आवासगृह की व्यवस्था परिसर में ही की जानी चाहिए । अध्यापक वर्ग के कम से कम 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए भी आवासगृहों की व्यवस्था होनी चाहिए । जिन क्षेत्रों में रहने के मकानों की गंभीर समस्या है, वहां सभी कर्मचारियों (अध्यापक वर्ग तथा गैर-अध्यापक वर्ग, दोनों के लिए) आवासगृहों की निम्न मानकों के अनुसार व्यवस्था की जा सकती है :

मद	संख्या
प्रधान (प्रोफेसर की श्रेणी)	1
प्रोफेसर	1
रीडर	4
प्राध्यापक (लेक्चरर)	4
सहायक तकनीकी कर्मचारी	10
सहायक कर्मी (हेल्पर)	5

3.2 अध्ययन केन्द्र :

अध्ययन केन्द्रों की स्थापना नोडल केन्द्र के भीतर अथवा उसके बाहर की जा सकती है । अध्ययन केन्द्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न संस्थानों/महाविद्यालयों या कालेजों में स्थापित किये जा सकते हैं, किन्तु वे विश्वविद्यालय के अधिकार-क्षेत्र के भीतर ही स्थित होने चाहिए । बी० एड० में शिक्षा देने वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों को ही, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है, अध्ययन केन्द्र माना जाएगा । किन्तु शर्त यह है कि ऐसा कोई भी संस्थान केवल एक ही अध्ययन केन्द्र स्थापित कर सकेगा । विद्यार्थियों को प्रदत्त-कार्य (एसाइनमेन्ट्स) उत्तर सामग्री, ट्यूटोरियलों, परामर्श, समूह चर्चा आयोजित करने तथा व्यक्तिगत अध्ययन आदि के लिए तथा प्रदर्शनार्थ वहां पर्याप्त स्थान और सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए ।

3.2.1 भवन में स्थान तथा अन्य सुविधाएं :

100 विद्यार्थियों वाली इकाई के लिए निम्नलिखित निर्मित स्थान निर्धारित किया गया है । कम से कम इतने स्थान का होना अनिवार्य

Attested सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
दिल्ली

172

IndiaCode

		संख्या	क्षेत्रफल
1.	कक्षा के कमरे	हरएक 2	60 व० मी०
2.	बहुउद्देश्यीय कक्ष	1	100 व० मी०
3.	हाल	1	125 व० मी०
4.	कम्प्यूटर, मनोविज्ञान तथा प्रायोगिक विज्ञान के लिए बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला	1	लगभग 100 व० मी० + भंडारण स्थान के लिए 45 व० मी०
5.	कम से कम 30 विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय	1	भंडारण स्थान सहित 50 व० मी०
6.	कार्य अनुभव कक्ष	1	60 व० मी०
7.	प्रसाधन (शौचालय आदि) की सुविधाओं सहित प्राचार्य का कक्ष	1	
8.	स्टाफ रूम	1	25 व० मी०
9.	कार्यालय कक्ष	1	60 व० मी०
10.	भंडार कक्ष	1	25 व० मी०
11.	सामान्य विश्राम (बैठक) कक्ष जिसमें छात्राओं के लिए पर्याप्त स्थान रहे		25 व० मी०
12.	लड़कों, लड़कियों तथा अध्यापकों/कर्मचारियों के लिए अलग प्रसाधन (शौचालय आदि)		
13.	कम से कम दो स्थानों पर पीने के पानी की सुविधाएं जहां कार्यसमय के दौरान हर समय पानी उपलब्ध रहे		

अपेक्षित

1.	संगोष्ठी (सेमिनार) कक्ष	1	120 विद्यार्थियों के लिए 100 व० मी०
2.	विज्ञान खंड, मनोविज्ञान, शिक्षा प्रौद्योगिकी के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएं	हरएक के लिए 1	75 व० मी० साथ में भंडारण के लिए 15 व० मी०
3.	लघु समूह कार्य कक्ष	2	25 व० मी०
4.	एक बहुउद्देश्यीय बड़ा हाल	1	150 व० मी०
5.	विद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों के लिए अलग-अलग कमरे		हरएक 30 व० मी
6.	अध्यापक वर्ग के लिए अलग कमरे		20 व० मी०
7.	कन्टीन, यदि संभव हो तो सहकारी आधार पर		

अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख मार्गदर्शन के लिये है । यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य रहें जिनमें बिना किसी कठिनाई के अपेक्षित संख्या में पठन-पाठन का काम सुचारू रूप से सुविधापूर्वक चल सके ।

3.2.2 प्रयोगशालाएं :

प्रयोगशालाएं दो प्रकार की रहेंगी यथा सामान्य प्रयोगशालाएं एवं विषय-विशेष प्रयोगशालाएं । सामान्य प्रयोगशालाएं होंगी : मनोविज्ञान प्रयोगशाला, शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला आदि । विषय-विशेष प्रयोगशालाएं होंगी जैसे कि विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, कार्य अनुभव प्रयोगशाला आदि । कार्यक्रम के अन्तर्गत लिये गये विषयों के अनुसार इन प्रयोगशालाओं का होना अनिवार्य होगा ।

3.2.2.1 सामान्य प्रयोगशालाएं :

(क) मनोविज्ञान प्रयोगशाला :

दूरस्थ अध्यापक शिक्षा प्रणाली वाले संस्थानों में 75 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला होनी चाहिए जिसमें से 15 वर्ग मीटर क्षेत्र में शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षाणों के लिए उपकरण और अन्य उपकरण (यंत्र-संयंत्र) रखने का भंडार कक्ष होना चाहिए । शेष 60 वर्ग मीटर क्षेत्र को विद्यार्थी समूहों में अपना प्रायोगिक

attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
नई दिल्ली—54
173

कार्य करने के काम में ला सकेंगे । अपेक्षा तो यह की जाती है कि अलग से एक मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला हो जिसमें आधुनिक परीक्षणों के लिए उपकरण तथा अन्य सामग्री उपलब्ध रहे ।

(ख) कार्य अनुभव प्रयोगशाला :

जिस क्षेत्र में अनुभव ग्रहण किया जाना अपेक्षित है उसमें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए संस्थान में 75 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी एक कार्य–अनुभव प्रयोगशाला होनी चाहिए । इस कार्याशाला में उन औजारों और उपकरणों का रहना आवश्यक है, संस्थान द्वारा जिस/जिन क्षेत्र/क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है ।

(ग) शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

यह प्रयोगशाला एक ऐसे कमरे में रहे जिसका तल क्षेत्रफल 60 वर्ग मीटर होना चाहिए और जिसमें छोटे छोटे समूहों में विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगिक या प्रयोगधर्मी कार्य करने के लिये कम्प्यूटर सहित पर्याप्त श्रव्य-दृश्य तथा अनेक प्रकार के जनसंचार के यंत्र-संयंत्रों की व्यवस्था रहे । शिक्षण के काम में आनेवाली सामग्री का उत्पादन करने के लिये संस्थान के कर्मचारी भी इस प्रयोगशाला को उपयोग में ला सकेंगे ।

(घ) पुस्तकालय एवं वाचनालय

हर एक संस्थान में 100 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने एक पुस्तकालय एवं वाचनालय का होना अनिवार्य है । इसमें वाचनालय और पुस्तकों के पढ़ने के लिये काफी जगह रहनी चाहिये । अच्छा तो यह रहे कि पुस्तकें पढ़ने वालों के लिए छोटे छोटे कमरे बने हों ।

3.2.2.2 पाठ्यक्रम विशेष प्रयोगशाला

(क) विज्ञान प्रयोगशाला

एक विज्ञान प्रयोगशाला होनी चाहिए जो 75 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी हो जिसके 15 वर्ग मीटर क्षेत्र में यंत्र-संयंत्रों तथा रसायनों के रखने की जगह रहे और शेष 60 वर्ग मीटर क्षेत्र प्रायोगिक कार्य के लिये रहे । प्रयोगशाला में काम करने की टेबिलें काफी संख्या में होनी चाहिए । जिस समय प्रयोगशाला खाली रहे, विज्ञान की शिक्षा और दूसरे पाठ्यचर्या सम्बन्धी कार्यों के लिये उसका उपयोग हो सकता है ।

(ख) कम्प्यूटर प्रयोगशाला

इस प्रयोगशाला के लिये 50 वर्ग मीटर के आकार का एक कमरा चाहिए जिसमें कम से कम 5 कम्प्यूटर रहने चाहिए । इस सुविधा के रहने पर विद्यार्थियों को विषय के सिद्धान्त पक्ष के साथ साथ कम्प्यूटर शिक्षा में व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का लाभ मिल सकेगा । जो कम्प्यूटर में अध्यापक शिक्षा विषय लेना चाहते हैं उनके लिये इसका होना अनिवार्य है ।

3.2.3 उपस्कर (यंत्र-संयंत्र)

3.2.3.1 प्रयोगशालाएं

(क) विज्ञान प्रयोगशाला अनिवार्य

अध्ययन केन्द्रों पर विद्यालय स्तर की शिक्षा के लिये निर्धारित परीक्षण करने के लिये सभी वैज्ञानिक यंत्र-संयंत्रों का कम से कम एक सेट अवश्य रहना चाहिये । रसायन व यंत्र-संयंत्रों को रखने के लिये बने शेल्फों और अलमारियों में सभी आवश्यक रसायन उपलब्ध रहने चाहिये ।

अपेक्षित

कुछ यंत्र-संयंत्रों के कई-कई सेट रखे जा सकते हैं ताकि एक से अधिक अध्यापक-विद्यार्थी एक ही समय में उसी परीक्षण को एक साथ कर सकें । कुछ ऐसे यंत्र-संयंत्र भी रहने चाहिये जिनके उपयोग से नये ढंग के उच्च स्तरीय परीक्षण करना भी संभव हो सके ।

(ख) मनोविज्ञान प्रयोगशाला

शिक्षा विज्ञान से सम्बन्धित साधारण परीक्षणों के लिये यंत्र-संयंत्र

अनिवार्य

बुद्धिपरीक्षण (निष्पादन अमौखिक, मौखिक) प्रवृत्ति परीक्षण, व्यक्तित्व का स्वरुप, मनोवृत्ति परीक्षण तथा रुचियां–अभिरुचियां ।

अपेक्षित

उक्त परीक्षण अनेक बार, संवेदी यंत्र (सेंसरी मोटर) परीक्षण ।

(ग) शिक्षा प्रौद्योगिकी

अनिवार्य

ओडियो कैसेट रिकार्डर, स्लाइड और फिल्म दिखाने वाला प्रोजेक्टर (स्लाइड-कम-फिल्म स्ट्रिप प्रोजेक्टर), 35 मि० मी० स्टिल कैमरा, वी०सी०पी०, खाली ओडियो कैसेट तथा चार्ट और स्लाइडें तैयार करने के लिये आवश्यक कला सामग्री ।

अपेक्षित

पर्सनल कम्प्यूटर (पी०सी०), रेडियो, वी० सी० आर०, एम्प्लीफायर, लाउडस्पीकर, माइक्रोफोन, वीडियो कैमरा, वीडियो कैसेट ।

(घ) बहुउद्देश्यीय कार्यशाला तथा कार्य-अनुभव सम्बन्धी क्रियाकलाप

हाथ से काम करने वाले औजारों के दो सेट, मार्ग के काम आने वाले औजारों के दो सेट, अध्ययन केन्द्र में व्यावहारिक कार्य द्वारा अनुभव ग्रहण करने और जो भी क्रियाकलाप होते हैं उनके लिये अनिवार्य यंत्र-संयंत्र ।

Attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेंट्रल सचिवालय, दिल्ली-54

174

अपेक्षित

हाथ से कम करने वाले औजारों के कई कई सेट ।

3.2.3.2 खेलकूद

अपेक्षा यह की जाती है कि सामान्य खेलों और मैदानी खेल-कूदों (स्पोर्टस) के लिए साधारण यंत्र-संयंत्र उपलब्ध रहेंगे । इनका उपयोग खेलकूद का अभ्यास करने और अध्यापन के उस कार्य के लिये उपयोग किया जा सकता है जिनमें व्यावहारिक रूप से खेल खिलाना आवश्यक है । साथ ही सम्बन्धित क्षेत्रों में ऐसा शोध कार्य करने में भी इनका उपयोग हो सकता है जिनमें खेल खिलाकर परिणाम पता लगाना आवश्यक है ।

3.2.4 पुस्तकें और पत्रपत्रिकाएं

अनिवार्य

अध्ययन केन्द्र में स्थापित पुस्तकालय में प्रारम्भ में स्वयं पढ़कर सीखनेवाली/मोडयूल/मोड्यूलर सामग्री तथा पाठ्यपुस्तकों की अनेकों प्रतियां रहनी चाहिएं । अपेक्षा तो यह की जाती है कि स्वयं पढ़कर सीखने वाली/मोड्यूलर सामग्री की कम से कम सौ-सौ प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि सभी 500 विद्यार्थी उनका लाभ उठा सकें । इनके अतिरिक्त पाठ्य-पुस्तकों तथा संदर्भ-ग्रंथों सहित उसमें कम से कम 5000 पुस्तकें रहनी चाहिए । अध्ययन केन्द्र को शिक्षा क्षेत्र से सम्बन्धित कम से कम दस राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक पत्र पत्रिकाओं को मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिए ।

अपेक्षित

पाठ्य-पुस्तकों एवं संदर्भ-ग्रंथों सहित कम से कम 7000 पुस्तकें, साथ में प्रति वर्ष कम से कम 100 नई प्रकाशित पुस्तकों की वृद्धि करते रहने का प्रावधान होना चाहिए । केन्द्र को कम से कम 15 व्यावसायिक पत्र पत्रिकाएं मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिये । इन पुस्तकों और पत्र पत्रिकाओं के उपलब्ध रहने पर सम्बन्धित कार्यक्रम को नई दिशा देने और एक नवीन दृष्टिकोण अपनाने में सहायता मिलेगी ।

3.2.5 फर्नीचर

अध्ययन केन्द्र में जितने भी कमरे हैं उन सभी में उचित ढंग का फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में रहना चाहिए । संस्थान के भिन्न भिन्न कमरों के लिये फर्नीचर के मानक नीचे दिये जा रहे हैं :—

मानक

फर्नीचर का स्वरूप		अनिवार्य	अपेक्षित
1	2	3	4
1.	कक्षाओं के लिए कमरे : दो पहले और दूसरे वर्ष की कक्षाएं एक ही समय एक साथ न रखी जाएं	प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1 सेट प्रत्येक कक्षा के लिए 50 सेट	प्रत्येक कक्षा के लिए 75 सेट
	अध्यापक के लिए मेज-कुर्सी तथा ब्लैकबोर्ड	1 सेट (2.5 मी० × 1 मी० × 1 मी०)—एक	उचित आकार के दो
2.	सेमिनार आदि का कक्ष : विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के लिए टेबिल-कुर्सी	उतनी संख्या में जो 100 विद्यार्थियों और दस अध्यापकों के लिए काफी रहे	इतनी जो अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के लिए पर्याप्त रहें
3.	मंच सहित हाल : (एक) तथा कुर्सियां	मंच (3 × 6 × 0.5 मी०) हाल का आकार इतना हो जो 150 विद्यार्थियों के लिए काफी रहे	इतने बड़े आकार का जिसमें 200 विद्यार्थियों व अध्यापकों के लिए स्थान रहे ।
4.	प्रयोगशालाएं : (विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा प्रौद्योगिकी)		
	काम की टेबिल (1.25 × 0.9 × 0.1),	प्रत्येक प्रयोगशाला में 5	प्रत्येक प्रयोगशाला में 5
	स्टूल (0.6 ऊंचाई),	प्रत्येक प्रयोगशाला में 25	प्रत्येक प्रयोगशाला में 25
	प्रदर्शन टेबिल तथा कुर्सी,	प्रत्येक प्रयोगशाला में 1	प्रत्येक प्रयोगशाला में 1
	लोहे की आलमारी,	प्रत्येक प्रयोगशाला में 1	प्रत्येक प्रयोगशाला में 2
	स्टोरेज रैक्स	प्रत्येक प्रयोगशाला में 2	प्रत्येक प्रयोगशाला में 4
5.	कार्यशाला		
	कार्य की बेंचें (1.25 × 2 × .75)	बेंच : 4	बेंच : 6
	स्टूल (0.5 ऊंचाई)	स्टूल : 25	स्टूल : 30
	अध्यापक के लिए मेज व कुर्सी	प्रत्येक : 1	: 1
	लोहे की आलमारी	प्रत्येक : 1	: 2
	भंडारण रैक	प्रत्येक : 2	: 4
	ब्लैकबोर्ड (3.5 × 1)	: 1	: 1

Attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, मानव संसाधन विकास
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-01

1	2	3	4
6.	प्राचार्य/प्रधान निदेशक का कक्ष मेज, लोहे की आलमारी, बुक रैक, फाइलिंग कैबिनेट, टेलिफोन/फैक्स कुर्सियां	हर वस्तु एक 10	हर वस्तु एक 15
7.	अध्यापक कक्ष आलमारी/कैबिनेट, मेज तथा कुर्सियां	प्रत्येक अध्यापक के लिए एक	वही जो अच्छे किस्म की सामग्री के लिए निहायत जरूरी है ।
8.	कार्यालय कक्ष कुर्सी तथा मेज, अतिरिक्त कुर्सियां, लोहे की आलमारी, फाइल कैबिनेट, फाइल रैक, सूचना पट्ट, स्टूल	यह साज-सामान पर्याप्त संख्या में हो	पर्याप्त संख्या में हर वस्तु अच्छे किस्म की
9.	भंडार कक्ष लोहे की आलमारी, सामान रखने वाले रैक आदि	हर भंडार कक्ष में तीन	हर भंडार कक्ष में चार अथवा पांच
10.	विद्यार्थी कक्ष कुर्सियां, लम्बी टेबिल आदि	इतनी जो 25 विद्यार्थियों के लिए काफी हो	जो 40 विद्यार्थियों के लिए काफी हो

3.3 व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम (पी०सी०पी०) केन्द्र

नोडल/अध्ययन केन्द्रों में व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये । इन केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में श्रव्य-दृश्य उपकरणों की व्यवस्था रखनी होगी । इन केन्द्रों के लिये नियुक्त कर्मचारीवर्ग में एक समन्वयक (कोआर्डिनेटर), कम से कम दस अध्यापक तथा आवश्यक सहायक तकनीकी कर्मचारी रहेंगे । कक्ष, कक्षा के कमरों तथा भंडार कक्ष आदि की पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध रहनी चाहिये ।

3.4 क्षेत्र स्थित प्रायोगिक अध्यापन प्रशिक्षण केन्द्र

ये केन्द्र कुछ चुने हुए विद्यालयों में रखे जाते हैं जहां अध्यापक-विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य में अभ्यास कराया जाता है, साथ ही जहां अपने काम में अनुभव प्राप्त करने के साथ-साथ वे अध्यापन कार्य में व्यावहारिक शोध तथा पाठ्यचर्या सम्बन्धी पद्धतियों में नये-नये दृष्टिकोणों का प्रयोग करके काम करते हैं । यह आवश्यक है कि पहले वर्ष के 500 अध्यापक-विद्यार्थियों के लिये और दूसरे वर्ष के 500 अध्यापक विद्यार्थियों के लिये लगभग 50 क्षेत्र स्थित प्रायोगिक अध्यापन प्रशिक्षण (प्रैक्टिकल) केन्द्र रहें ।

4. शैक्षिक अवदान

4.1 अवधि

शिक्षा स्नातक (बी० एड०) पाठ्यक्रम के लिए 24 माह : प्रवेश-परीक्षा, प्रवेश आदि सम्बन्धी औपचारिकताओं के समय के अतिरिक्त ।

4.2 पात्रता :

प्रवेश केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो स्नातक हैं और पूर्ण-कालिक नियमित अध्यापक हैं और जो संस्थान के भूभागीय क्षेत्र में स्थित मान्यताप्राप्त विद्यालयों (प्राथमिक, माध्यमिक अथवा उच्च माध्यमिक स्तर) में काम कर रहे हैं तथा जिनके पास दो वर्ष का अध्यापन का अनुभव है । प्रवेश देते समय इस बात पर भी विचार किया जायेगा कि अध्ययन-क्षेत्र तक पहुंचने के उनके पास क्या साधन हैं और मान्यताप्राप्त विद्यालयों में कार्य करने का उनका कितने समय का अनुभव है । माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाले अध्यापकों को वरीयता दी जायेगी ।

संवैधानिक/कानूनी प्रावधानों के अनुसार सीटें आरक्षित रखी जानी चाहिये ।

4.3 सामग्री

(क) दूरस्थ शिक्षा फार्मेट में स्वयं पढ़कर सीखने की पर्याप्त मुद्रित पाठ्यक्रम सामग्री, नमूने के बतौर ऐसी मुद्रित सामग्री का जिसका मूल्यांकन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया गया हो ।

(ख) हर एक पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र के लिये श्रव्य-दृश्य सामग्री (पैकेजेज) की पर्याप्त व्यवस्था ।

(ग) नियमित एसाइनमेन्ट्स, जिनका निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा-पूरा मूल्यांकन आवश्यक/पढ़ाये जाने वाले प्रत्येक प्रश्नपत्र/पाठ्यक्रम में दो एसाइन-मेन्ट्स रहेंगे ।

4.4 सम्पर्क कार्यक्रम

कम से कम 300 घंटे (60×5 या 50×6) का अनिवार्य सम्पर्क कार्यक्रम जिसमें 12 सप्ताह तक प्रति दिन 5 घंटे—अथवा 10 सप्ताह तक प्रति दिन 6 घंटे । इनमें कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक । ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभागों/प्रशिक्षण महाविद्यालयों के योग्यताप्राप्त अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा चलाये जाएंगे । इस अवधि के दौरान विशेषज्ञ यह भी देखेंगे कि अंतरंग अध्यापन कार्य के दौरान विद्यार्थी-अध्यापकों ने अध्यापन कार्य में निपुण होने में किस सीमा तक सफलता हासिल की है । किसी भी सम्पर्क कक्षा में एक दल में 30 से अधिक विद्यार्थी-अध्यापक नहीं रहेंगे ।

Attested सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार
176

IndiaCode

4.5 मूल्यांकन

पाठ्यक्रमों के पाठ्यचर्या एवं सह-पाठ्यचर्या के सभी क्षेत्रों में निर्धारक तथा योगात्मक मूल्यांकन किया जाएगा। विश्वविद्यालय/परीक्षा आयोजित करने वाले निकायों द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन नियमित होता रहे। दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन के लिये लिखित, प्रायोगिक, मौखिक तथा अन्य किसी नवीन प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है। दत्त कार्य (एसाइन-मेन्ट्स), प्रायोगिक तथा अन्य कार्यों के आधार पर संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अपेक्षित जानकारी निरन्तर मिलती रहे। सिद्धान्त पाठ्यक्रमों के लिये निर्धारक (आंतरिक) मूल्यांकन में कम से कम 30 प्रतिशत अंक अधिक दिये जाएंगे। निर्धारक (आंतरिक) तथा योगात्मक (बाह्य) के मूल्यांकन के आधार पर उत्तीर्ण होने के निर्धारित अंक अलग अलग रहेंगे। प्रायोगिक कार्य का मूल्यांकन आंतरिक स्तर पर होगा और उसमें ग्रेड दिये जाएंगे।

4.6 विद्यार्थी सहायता पद्धति

कार्यक्रम की गुणवत्ता का स्तर श्रेष्ठ बना रहे यह सुनिश्चित करने के लिये यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय/परीक्षा लेने वाली संस्थाएं, अध्ययन केन्द्र, व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम केन्द्र, सहकारी अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, इन्हें लागू करने वाले विद्यालय, क्षेत्र स्थित प्रायोगिक अध्यापन-अभ्यास केन्द्र आदि सभी में समन्वय बना रहे और वे पूर्ण तालमेल के साथ काम करें।

4.7 प्रायोगिक

प्रत्येक विद्यार्थी के लिए नियत प्रायोजिक कार्य	अनिवार्य	अपेक्षित
विज्ञान के विद्यार्थी के लिए विद्यालय के पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुकूल प्रायोगिक कार्य	3	5
अन्य विद्यार्थियों के लिए परियोजनाएं	2	3
अध्यापन की सहायक सामग्री की तैयारी	5	10
मनोविज्ञान परीक्षा, स्कोरिंग, व्याख्या तथा विषयानुकूल अन्य आवश्यक परीक्षण	3	5
श्रव्य-दृश्य उपस्करों का प्रचालन	3 अलग-अलग यंत्र	5 अलग-अलग यंत्र
यूनिट योजना सहित पाठ-योजना तैयार करना	यूनिट योजना सहित 40 2 (हर एक विषय के लिए एक-एक)	नवीन दृष्टि से तैयार किए गए अध्यापन के 50 माडल
कुल पढ़ाये जाने वाले पाठ	40	50
हरएक पद्धति से प्रदर्शन व जांच के लिए पढ़ाये जाने वाले पाठ जिनके लिए विषय अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा दिए जाएंगे	कम से कम 2 हर विषय में एक-एक	4
आदर्श वरिष्ठ अध्यापक-विद्यार्थियों (पीयर्स) द्वारा पढ़ाये गये पाठों का निरीक्षण	10	15
हरएक विषय के लिए परीक्षा वस्तुओं, यूनिट-जांच तथा परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों का निर्माण	20+1+1	30+2+1
केस स्टडी/कार्य-अनुसंधान/अन्य परियोजना	1	2

4.8 अंतरंग अध्यापन कार्य

चार सप्ताह की अवधि का अंतरंग-अध्यापन कार्य जिस अवधि के दौरान अध्यापक प्रशिक्षुओं द्वारा उन विद्यालयों में जहां वे काम कर रहे हैं, कम से कम 40 पाठ—हर विषय में 20 पाठ—पढ़ाने का काम किया जाएगा जिनमें से 10 का पर्यवेक्षण कार्य प्रशिक्षण महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के विभागों के विशिष्ट रूप से नामित अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा किया जायेगा।

5. वित्तीय प्रावधान

5.1 वृत्तिदान (एण्डाउमेन्ट) तथा आरक्षित निधि

संस्थान को आर्थिक दृष्टि से मजबूत और ऐसा होना चाहिये कि उसकी आर्थिक स्थिति से कार्य चलाना संभव हो। सरकार/स्थानीय स्वायत्त प्रशासनों/विश्वविद्यालय के संस्थानों को चाहिये कि वे उसे समय-समय पर पर्याप्त आर्थिक सहायता देते रहें। निजी उद्योग से चलाये जाने वाले संस्थानों के पास 5 लाख रुपये की वृत्ति दान निधि और इतनी आरक्षित निधि होनी चाहिये जिससे वे अपने कर्मचारियों को तीन माह का वेतन देने में समर्थ हों।

5.2 लेखा-परीक्षा

संस्थान को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रमवार बजट बनाने, खर्च की मंजूरी देने, लेखा रखने और लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं/पद्धतियों को अपनाना चाहिये। वार्षिक लेखा-विवरण की लेखा-परीक्षा विधिवत स्वीकृत चार्टर्ड एकाउंटेन्ट सहित सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिये।

attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रलेखन विभाग

177

IndiaCode

5.3 लागत खर्च

5.3.1 अनावर्ती लागत खर्च

नोडल केन्द्र

(क) शैक्षिक खण्ड (ख) प्रशासकीय खण्ड तथा (ग) संसाधन खण्ड के लिये पर्याप्त स्थान तथा साज-सामान की फिटिंग सहित संस्थान के लिये उपयुक्त भवन हो तथा साथ ही अध्ययन केन्द्र और व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम केन्द्र (पी० सी० पी०) भी रहें। भवन, पुस्तकें, फर्नीचर, वृत्तिदान निधि आदि पर होने वाले लागत खर्च का पर्याप्त अनुमान 40 लाख रुपये से कम होने का नहीं है।

5.3.2 आवर्ती खर्च

वेतन (नियमित संकाय-सदस्य/ कर्मचारी वर्ग	वि० वि० अ० आयोग/सरकार के मानकों के अनुसार
अन्य आवर्ती खर्च	500 विद्यार्थियों के लिये 15 लाख रुपये प्रति वर्ष प्रति विद्यार्थी 3000/– रुपये की दर से।
पुस्तकालय की पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं पर होने वाला खर्च	एक लाख रुपये प्रति वर्ष प्रति विद्यार्थी 200/– रुपये की दर से

6. एक ही संस्थान में एक से अधिक पाठ्यक्रम

यदि एक ही संस्थान द्वारा उसी भवन/परिसर में एक से अधिक अध्यापक शिक्षा पाठयक्रम चलाने की व्यवस्था है तो उस स्थिति में भवन, हाल, पुस्तकालय, छात्रावास, उपकरण, खेल के मैदान आदि के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का सभी मिलकर यथा-वश्यक उचित लाभ उठा सकते हैं।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

सी–2/10 सफदरजंग डवलपमैन्ट एरिया

श्री अरविन्दो मार्ग,

नई दिल्ली,–110016, दिनांक 29 दिसम्बर, 1998

सं० एफ० 28–4/98–99 एन० सी० टी० ई०—धारा 32 की उपधारा 2 के खंड (च० तथा (ज) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 एवं 15 के साथ पढ़ा जाये, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाये गये हैं, यथा :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक–बी० एल० ई० डी० की मान्यता के लिये मानक और शर्तें विनियम, 1998 है।

2. किस पर लागू रहेंगे

ये विनियम विश्वविद्यालयों मुक्त/खुले विश्वविद्यालयों, उनके संघटकों सहित संस्थानों और उन अन्य सभी निकायों/संस्थाओं पर, उनके नाम तथा कार्यशैली जो भी हो, तथा प्रारम्भिक स्नातक (बी० एल० ई० डी०) पाठयक्रमों पर लागू रहेंगे।

3. परिभाषा

संदर्भ के अनुसार जब तक कोई अन्यथा अर्थ न हो इन विनियमों में

(1) "अधिनियम" का अर्थ है राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73)

(2) "अध्यापक शिक्षा में नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण का अर्थ है अध्यापक शिक्षा के लिय कोई ऐसा पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण मान्यता प्रदान करने के समय संस्थान द्वारा जिसकी व्यवस्था नहीं थी किन्तु मान्यता–प्राप्त संस्थान द्वारा जिनके लिये व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

(3) क्षेत्रीय समिति" का अर्थ है धारा 20 के अंतर्गत/स्थापित समिति। अन्य सभी शब्दों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 में निहित है।

(4) अन्य सभी शब्दों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 में निहित है।

4. मान्यता के लिये आवेदन पत्र

(1) प्रत्येक संस्थान को, जिसने प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०ई०डी०) में पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की व्यवस्था की है जिसका यह व्यवस्था करने का विचार है, मान्यता के लिये अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में आवेदनपत्र देना होगा।

(2) आवेदनपत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा। जिसके भूभागीय अधिकार–क्षेत्र में सम्बन्धित संस्थान स्थित है।

5. नया पाठयक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या बढाने की अनुमति के लिये आवेदन पत्र

(1) यदि कहीं कोई मान्यता–प्राप्त संस्थान प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०ई०डी०) के लिये कोई नया पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है तो उसे अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा।

Attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भा० स० अनुसंधान विभाग
नई दिल्ली

178

(2) यदि कहीं कोई मान्यता-प्राप्त संस्थान ऐसे पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण के लिए उसमें प्रवेश के लिए स्वीकृत संख्या से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देना चाहता है तो उस मान्यता-प्राप्त संस्थान को अपना आवेदनपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(3) आवेदनपत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा जिसके भूभागीय अधिकार क्षेत्र में वह संस्थान स्थित है ।

6. आवेदनपत्र भेजने की विधि

(क) मान्यता के लिए आवेदनपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ख) मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० एल०ईडी) के लिए नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण शुरू करने या प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि करने के लिए अनुमति प्राप्त करने का आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ग) संस्थानों की मान्यता अथवा नया पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने अथवा विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए आवेदनपत्र तीन प्रतियों में भेजना होगा ।

(घ) संस्थानों की मान्यता अथवा नया पाठ्यक्रम प्रारंभ करने अथवा विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए जिसमें अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की व्यवस्था 17 अगस्त, 1995 के ठीक पहले उपलब्ध थी, आवेदनपत्र सीधे सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जाएगा ।

(ङ) ऐसे प्रत्येक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा में पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है किन्तु जो 17 अगस्त, 1995 के ठीक पहले कार्यरत नहीं था, मान्यता के लिए अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" के साथ भेजना होगा जिसमें वह संस्थान स्थित है ।

(च) मान्यताप्राप्त संस्थानों को उपर्युक्त विनियम 5 के उप-विनियम (ख) के अन्तर्गत प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि करने की अनुमति के लिए अपना आवेदनपत्र उस सरकार या संघ शासित क्षेत्र से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाणपत्र" के साथ भेजने होंगे जिसमें वह संस्थान स्थित है ।

7. शुल्क

संस्थान की मान्यता अथवा मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा नया पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारम्भ करने तथा मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा स्वीकृत विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति के लिए आवेदनपत्र के साथ परिषद् द्वारा समय समय पर इस तरह के आवेदन के लिए निर्दिष्ट शुल्क भेजना होगा और यह शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में भेजना होगा जिसे "क्षेत्रीय समिति अध्यापक शिक्षा परिषद" के पक्ष में सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति के स्थान पर अदायगी के लिए बनवाया गया हो ।

8. आवेदनपत्र भेजने की समयसीमा

(क) प्रत्येक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण की व्यवस्था करना चाहता है अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा जो आगामी शिक्षा-सत्र के प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार महीने पहले वहां पहुंच जाना चाहिए ।

(ख) मान्यता-प्राप्त संस्थानों द्वारा अध्यापक शिक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति प्राप्त करने का आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जाना चाहिए जो उनके यहां आगामी शिक्षा-सत्र प्रारम्भ होने की निश्चित तारीख से कम कम कम चार महीने पहले पहुंच जाना चाहिए ।

9. मान्यता की शर्तें

मान्यता के लिए प्राप्त आवेदनपत्र में दिए गए तथ्यों की जांच-परख एवं सत्यापन के आधार पर, और अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाए, संस्थान का निरीक्षण करके अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात की संतुष्टि करनी होगी कि संस्थान के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय, योग्यता-प्राप्त कर्मचारीवर्ग, प्रयोगशाला तथा ऐसे अन्य सभी प्रबन्ध हैं जो प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०ईडी०) के उस पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण के लिए जिसे वह चला रहा है या जिसे वह प्रारम्भ करना चाहता है, संस्थान के उचित रूप से कार्य करते रहने के लिए आवश्यक है ।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि मान्यताप्राप्त करने के लिए आवेदनपत्र करने वाले प्रत्येक संस्थान द्वारा परिशिष्ट--(1) में निहित मानकों और मानदण्डों की पूर्ति की गई है ।

10. नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यता-प्राप्त संस्थानों को अनुमति प्रदान करने की शर्तें

(क) प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०ईडी०) का नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यता-प्राप्त संस्थान के आवेदनपत्र में दिए गए तथ्यों की जांच-परख और सत्यापन के आधार पर, और/अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाए,

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
पेटिल लाइन्स, दिल्ली-54

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग

179

मान्यताप्राप्त संस्थान का निरीक्षण करके अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात के लिए संतुष्ट करना होगा कि संस्थान के पास प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (पी०एल०ईडी०) पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण को चलाने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय, योग्यताप्राप्त कर्मचारीवर्ग, प्रयोगशाला तथा अन्य सभी प्रबन्ध हैं।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की अनुमति के लिए आवेदन देने वाले प्रत्येक मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा परिशिष्ट (1) में निहित मानकों और मानदण्डों की पूर्ति कर ली गई है।

सुरेन्द्र सिंह,
सदस्य सचिव
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० एल० एड०)
के लिये
मानक और मानदण्ड
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
नई दिल्ली
1998

परिशिष्ट–1

प्रस्तावना

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के पास 3 यह सांविधिक प्राधिकार है कि विद्यालय स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा के स्तरों पर तैयारी सहित अध्यापक शिक्षा प्रणाली के मानकों और मानदण्डों के विनियमन एवं उनके स्तर को बनाये रखने का लक्ष्य सुनिश्चित करने की दिशा में वह जो भी उचित समझे, कदम उठाए। वस्तुत: अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों के लिये अध्यापकों एवं अध्यापक प्रशिक्षकों को तैयार करने वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदण्ड निर्धारित करना अनेक कारणों से अनिवार्य हो गया है। ये मानक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाने वाले वर्तमान संस्थानों के लिये इस दृष्टि से सहायक सिद्ध होंगे कि इनके आधार पर वे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मानकों से अपने यहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की तुलना कर सकेंगे और यदि उनमें कोई खामियां या कमियां हैं तो तदनुसार उनमें सुधार करने की आवश्यक कार्यवाही कर सकेंगे। इन मानकों से अध्यापक शिक्षा के लिये नये संस्थानों, कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों की योजना बनाने में भी सहायता मिल सकेगी।

यहां प्रस्तुत मानकों एवं मानदण्डों में उन 'शर्तों' को स्पष्ट किया गया है मान्यता, अनुमति तथा प्रवेश के लिये अतिरिक्त सीटों की अनुमति के लिये जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है।

इस दस्तावेज में आमने-सामने के माध्यम से चार वर्ष का पूर्णकालिक प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० ई० एल० ई० डी०) कार्यक्रम चलाने वाले संस्थानों के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित मानक और मानदण्डों को स्पष्ट किया गया है।

आशा है कि इस दस्तावेज का अध्यापक शिक्षा के योजनाकारों तथा प्रशासकों और सरकार, अध्यापक शिक्षा से जुड़े स्वायत्त एवं निजी क्षेत्र के प्रबन्धकों द्वारा प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा स्नातक (बी० एल० एड०) के कार्यक्रमों की योजनाएं बनाने, उनका आयोजन और उनकी मान्यता के लिये उपयोग किया जा सकेगा। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद इन मानकों का प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों की व्यावसायिक मान्यता के लिये उपयोग कर सकेगी। इन मानकों का उपयोग वर्तमान कार्यक्रमों और संस्थानों के स्तर में सुधार करने की दृष्टि से उपयुक्त कार्यवाही करने के लिये सरकार, स्वायत्त तथा निजी प्रबन्धकों को सलाह देने के लिये भी किया जा सकेगा।

1. पाठ्यक्रम की अवधि

(क) समेकित प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा डिग्री कार्यक्रम आगे से जिसे प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० एल० एड०) कहा जायेगा, अध्ययन के चौथे वर्ष/अन्तिम वर्ष में अन्तरंग अध्यापन (इन्टर्नशिप) की अवधि सहित, जो कम से कम 16 कार्य सप्ताहों की होगी, कम से कम चार शैक्षिक वर्ष की अवधि का रहेगा।

(ख) इस कार्यक्रम में जिन प्रत्याशियों को प्रवेश दिया जायेगा उन्हें प्रवेश के वर्ष से छ: वर्ष के भीतर अपनी अन्तिम वर्ष की परीक्षा को पूरा कर लेना होगा।

2. प्रवेश के मानदण्ड

(क) प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा में चार वर्ष के डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले प्रत्याशियों को केन्द्र द्वारा निर्धारित एक प्रवेश परीक्षा (सी० ई० टी०) में प्रत्याशी की क्षमता का मूल्यांकन करने की दृष्टि से, जिसकी रूपरेखा विशेष रूप से तैयार की गई है, उत्तीर्ण होना होगा।

(ख) प्रवेश के लिए योग्यताएं

(1) प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक में प्रवेश के लिये कम से कम 10+2 उच्च माध्यमिक परीक्षा अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जिस में प्राप्त अंकों का योग कुल मिलाकर कम से कम 50% रहा हो।

सीटों में आरक्षण संवैधानिक/कानूनी प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिये।

(2) इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले प्रत्याशी ने विश्वविद्यालय के कैलेण्डर के अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होने के दिन या उसके पहले अपनी आयु के 17 वर्ष अवश्य पूरे कर लिये हों।

Attested
27/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54
180

3. प्रवेश के लिये संख्या और संस्थान से निर्गमन

(क) एक इकाई में एक कक्षा में 35 से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ख) संस्थानों द्वारा पहले वर्ष के अन्त में केवल एक बार ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से पूर्व अनुमति लेकर विद्यार्थियों को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में जाने की अनुमति दी जायेगी किन्तु शर्त यह है कि प्रवेश के लिये अधिकतम जितने विद्यार्थियों की अनुमति है, संख्या उससे अधिक नहीं हो जानी चाहिये।

4. पाठ्यक्रम तथा अध्ययन की अवधि

मान्यता के लिये आवेदन करने वाले संस्थानों को प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों में शिक्षा देने की व्यवस्था करनी होगी। अध्यापन कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में हरेक संस्थान को क्षेत्र में जाने के दौरे तथा विद्यालय स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा में एक नवीन दृष्टि से क्रियाकलाप आयोजित करने वाले केन्द्रों में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। संस्थानों को पाठ्यक्रमों की निम्नलिखित निर्धारित योजना के अनुसार शिक्षा देने का प्रबन्ध करना होगा।

(क) प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० एल० एड०) स्नातक पाठ्यक्रम योजना

बी० एल० एड० कार्यक्रम की रूपरेखा इस ढंग से बनी होनी चाहिये कि उसके अध्ययन के माध्यम से विषय ज्ञान, मानव के विकास, शिक्षण विधि तथा सम्प्रेषण कौशल इन सभी का समेकित मिला जुला ज्ञान प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के अन्तर्गत सिद्धान्त विषय में दोनों अनिवार्य एवं वैकल्पिक पाठ्यक्रमों, अनिवार्य शिक्षण अभ्यास प्रैक्टिकम) पाठ्यक्रम तथा अनिवार्य रूप में किसी विद्यालय में अन्तरंग अध्यापन (इन्टर्नशिप) का व्यापक अनुभव प्राप्त करने की व्यवस्था होनी चाहिये। सिद्धान्त तथा प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का रहना अनिवार्य है :—

सिद्धान्त पाठ्यक्रम

—विषय प्रवेश (फाउन्डेशन) पाठ्यक्रम
—मुख्य पाठ्यक्रम
—शिक्षण विधि (पेडागोगी) पाठ्यक्रम
—सरल उदारीकृत पाठ्यक्रम
—शिक्षा में अन्य विकल्प

प्रायोगिक

—रंगमंच कलाएं एवं ललित कलाएं, शिल्प तथा शारीरिक शिक्षा
—सामूहिक (पार्टीसिपेटरी) कार्य
—बाल प्रवृति पर्यवेक्षण
—आत्म विकास कार्यशालाएं
—विद्यालय सम्पर्क कार्यक्रम
—विद्यालय में अन्तरंग अध्यापन कार्य (इन्टर्नशिप)
—परियोजना कार्य
—ट्यूटोरियल्स एवं कोलोकिया
—शैक्षिक ज्ञान संवर्धन क्रियाकलाप

(ख) तालिका 1 क तथा 1 ख में जो सुझाव दिये गये हैं, सिद्धान्त एवं प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास पाठ्यक्रमों (प्रैक्टिकम) का वर्गीकरण ज्ञान के क्षेत्रों के आधार पर किया जाये।

तालिका : (क) 1 व्यावसायिक शिक्षा के लिये विषय-प्रवेश का आधार

अध्ययन का क्षेत्र	प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० ई० एल० ई० डी०) पाठ्यक्रम
विषय के ज्ञान का आधार	मुख्य पाठ्यक्रम सी० 1.1 भाषा की प्रकृति सी० 1.2 मुख्य गणित सी० 1.3 मुख्य प्राकृतिक विज्ञान सी० 1.4 मुख्य सामाजिक विज्ञान दो-स्तरीय उदारीकृत विषय विशेष वैकल्पिक पाठ्यक्रम 02 एक्स और 03 एक्स विषय प्रवेश पाठ्यक्रम (बहु-विषयक) एफ० 1.2 समकालीन भारत
शिक्षा	विषय, प्रवेश पाठ्यक्रम एफ० 3.6 शिक्षा के मूल सिद्धान्त एफ० 3.7 विद्यालय नियोजन तथा प्रबन्धन एफ० 4.8 पाठ्यचर्या अध्ययन एफ० 4.9 लिंग एवं विद्यालय शिक्षा

attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार प्रकाशन विभाग
[illegible], दिल्ली-54

181

अध्ययन का क्षेत्र	प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०ई०एस०ई०डी०) पाठ्यक्रम
	विषय-प्रवेश पाठ्यक्रम
बाल अध्ययन	एफ 1.1 बाल विकास
	एफ 2.3 अक्षर-ज्ञान (कोगनीशन) एवं पढ़ाई
	एफ० 2.4 भाषा ज्ञान
तालिका 1 (ख)	व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रायोगिक पाठ्यक्रम
बाल अध्ययन	शिक्षण अभ्यास (प्रक्टिकम) पाठ्यक्रम
	पी०आर० 1.2 (क) विद्यालय सम्पर्क कार्यक्रम
	(ख) शिल्प
	पी० आर० 2.3 बाल-प्रवृत्ति पर्यवेक्षण
	पी० 2.1 पाठ्यचर्या से भाषाज्ञान (लेन्गुएज एक्रोस दि करीकुलम)
	पी० 3.2 बुद्धि (लोजिको) गणित शिक्षा
	पी० 3.3 पर्यावरण अध्ययन की शिक्षा विधि (पेडागगी)
	कोई एक वकल्पिक शिक्षण विधि (पेडागामी) पाठ्यक्रम
	ओ०पी० 4.1 भाषा
	ओ०पी० 4.2 गणित
	ओ०पी० 4.3 प्राकृशिक विज्ञान
	ओ०पी० 4.4 सामाजिक विज्ञान
	अथवा
	शिक्षा से सम्वधित कोई एक वैकल्पिक उदारीकृत पाठ्यक्रम
	ओ० एल० 4.1 कम्प्यूटर शिक्षा
	ओ० एल० 4.2 विशेष शिक्षा
	विद्यालय सम्पर्क कार्यक्रम
	एस०सी० 3.1 कक्षा में प्रबन्धन
	एस०सी० 3.2 सामग्री विकास तथा मूल्यांकन
अध्यापकों का विकास एवं कौशल प्रशिक्षण	विषय-प्रवेश पाठ्यक्रम
	एफ० 2.5 मानव सम्बन्ध एवं सम्प्रेषण
	प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास पाठ्यक्रम
	पी०आर० 1.1 रंगमंच
	पी०आर० 1.2 शिल्प
	पी०आर० 2.4 आत्म-विकास
	पी०आर० 2.5 शारीरिक शिक्षा
	कोलोकिया/ट्यूटोरियल्स
	शैक्षिक ज्ञान समृद्धि
	क्षेत्र–आधारित परियोजनाएं/एसाइनमेन्ट्स
विद्यालय अनुभव	एस०आई० विद्यालय में शिक्षण अभ्यास (इन्टर्नशिप) परियोजना

टिप्पणी : मार्गदर्शी (सजेस्टिव)/उदाहरणत: विवरण परिशिष्ट–: (ए) में दिये गये हैं।

(ग) विद्यार्थी सम्पर्क के घंटे

वर्षवार विद्यार्थी सम्पर्क के कम से कम घंटों का विवरण तालिका-2 में दिया गया है।

Attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेंट्रल लाइन्स, दिल्ली–54

182

तालिका 2 : वर्षवार विद्यार्थी सम्पर्क कार्यक्रम के कम से कम घंटे

अध्ययन का वर्ष	प्रति दिन विद्यार्थी सम्पर्क कार्यक्रम के घंटे	प्रति सप्ताह विद्यार्थी सम्पर्क कार्यक्रम के घंटे	सम्पक कार्यक्रम के कुल घंटे
I	6.7	33.5	837.5
II	5.3	26.5	662.5
III	5.4	27.0	675.0
IV	5.8	29.0	725.0
योग	23.2	116.0	2900.0

विद्यार्थी सम्पर्क के घंटों को सम्पर्क पीरियड पढ़ा जाए। एक पीरियड आमतौर पर 50 मिनट का होता है। औषत विद्यार्थी सम्पर्क घंटों की गणना प्रति सप्ताह पांच कार्य-दिवस मानकर की गई है।

कुल सम्पर्क घंटों की गणना यह मान कर की गई है कि प्रति वर्ष कार्य के 25 सप्ताह रहेंगे ।

5.0 प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी० एल० एड०) कार्यक्रम का संचालन

संस्थानों को व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम से सम्बन्धित निम्नलिखित विशेष मांगों को पूरा करना होगा :

(क) संस्थानों के अन्य क्रियाकलापों में शैक्षिक, साथ ही सह-पाठ्यचर्या क्रियाकलापों में प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक के विद्यार्थियों को सम्मिलित करना होगा और उन्हें कम्प्यूटर, खेल के मैदान, पुस्तकालय, प्रेक्षागृह (आडिटोरियम) आदि जैसी आधारभूत सुविधाओं का उपयोग करने दिया जायेगा ।

(ख) संस्थानों के भीतर विभिन्न विषयों में विभिन्न विभागों के बीच पारस्परिक शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना होगा ।

(ग) विद्यार्थियों तथा संकाय के लिए संगोष्ठियों, भाषणों तथा सामूहिक चर्चा-परिचर्चाएं आयोजित कर शिक्षा पर सम्बाद की शुरुआत करनी होगी ।

(घ) कार्यक्रम सम्बन्धी विशेष क्रियाकलापों के संचालन के लिए (अर्थात् रंगमंच, शिल्प, आत्मविकास कार्य शालाएं) विश्वविद्यालय/संस्थान के भीतर/बाहर उपलब्ध व्यावसायिक विशेषज्ञों से सहायता अवश्य ही लेनी होगी ।

(ङ) संस्थान को कम से कम छः प्रारम्भिक शिक्षा विद्यालयों के समूहों के बीच विचारों और क्रियाकलापों को प्रारम्भ करना आवश्यक है और यह भी आवश्यक है कि उनका क्रम निरन्तर चलता रहे । ये विद्यालय अध्ययन कार्यक्रम की समूची अवधि में सभी प्रायोगिक क्रिया कलापों एवं उनसे सम्बन्धित कार्य के लिए मूल सम्पर्क बिन्दु बने रहेंगे ।

(च) संस्थान को विद्यालयों में स्नातकों की नियुक्ति/सेवाओं के उपयोग की दिशा में भी कदम उठाना होगा ।

6. परीक्षा, मानदंड और परीक्षकों की योग्यताएं

सम्बंधित विश्वविद्यालय/संस्थान के उपयुक्त अध्यादेशों में निम्नलिखित को यथास्थान सम्मिलित कर लिया जाना चाहिए जो अपने सांविधिक निकायों द्वारा जब भी उचित समझा जाए, साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से इनकी समीक्षा के लिए प्रावधान बनाएंगे ।

(क) विश्वविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष के अन्त में परीक्षा आयोजित की जायेगी ।

(ख) प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास (प्रैक्टिकल) पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन स्वयं आन्तरिक स्तर पर ही हो सकता है ।

(ग) सम्बन्धित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा गठित एक मोडरेशन बोर्ड द्वारा सभी प्रायोगिक पाठ्यक्रमों तथा इटर्नशिप कार्यक्रमों के सम्बन्ध में संस्थानों के बीच गुणवत्ता एवं समान स्तर से सम्बन्धित प्रश्नों पर निगरानी रखने का काम किया जायेगा ।

(घ) आंतरिक स्तर पर हुए मूल्यांकन के आधार पर सिद्धान्त विषय के सभी पाठ्यक्रमों में प्राप्त अंकों में 30 प्रतिशत की और प्रायोगिक शिक्षण अभ्यास विषय में प्राप्त हुए अंकों में 100 प्रतिशत की वृद्धि कर दी जायेगी ।

(ङ) प्रति वर्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक लिखित प्रश्नपत्र में कम से कम 40 प्रतिशत, आंतरिक मूल्यांकन में कम से कम 45 प्रतिशत, प्रायोगिक शिक्षण अभ्यास में 50 प्रतिशत और सब मिलाकर योग में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

(च) केवल उन्हीं प्रत्याशियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी, जो आंतरिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण होंगे ।

attested

सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

183

(छ) यदि किसी प्रत्याशी ने कुल मिलाकर योग में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त नहीं किये हैं किन्तु जो केवल एक विषय में अनुत्तीर्ण है और उस विषय में यदि उसके अंक 25 प्रतिशत से कम नहीं है, तो उसे अस्थायी रूप में आगामी वर्ष में प्रवेश करने की अनुमति दे दी जायेगी; किन्तु शर्त यह है कि उसे (पुरुष हो या महिला) विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार शुल्क की अदायगी करके आयोजित होने वाली सहायक (कम्पार्टमेन्टल) परीक्षा में बैठना आवश्यक होगा । यदि प्रत्याशी उस सहायक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहता है या वह (पुरुष या महिला) सहायक परीक्षा में उपस्थित नहीं होता/होती तो उसे वापस पिछले वर्ष में भेज दिया जायेगा ।

(ज) परीक्षा के किसी भी विषय का परीक्षक होने के लिए परीक्षक (पुरुष या महिला जो भी), के पास अपने अध्ययन के क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष के अध्यापन का व्यावसायिक अनुभव होना चाहिए ।

7. कर्मचारी वर्ग, उपस्कर (यंत्र-संयंत्र) तथा प्रशिक्षण

(क) शैक्षिक उपस्कर (यंत्र-संयंत्र)

— पूर्णकालिक संकाय-सदस्यों की संख्या — 14

— संकाय-सदस्य-विद्यार्थी अनुपात — 1:10

— विद्यार्थियों की संख्या — $35 \times 4 = 140$

— अंशकालिक संकाय उदस्यों की संख्या — 3

(ख) संस्थानों द्वारा संकाय सदस्यों को शोधकार्य सहित व्यावसायिक अभ्यास सम्बन्धी क्रियाकलापों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा ।

(ग) संस्थानों द्वारा शैक्षिक कार्यक्रम में संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

(घ) प्रशासकीय कर्मचारीवर्ग

— पाठ्यचर्या प्रयोगशाला सेवक : 1

— संसाधन प्रयोगशाला सेवक : 1

— स्टेनो टाइपिस्ट : 2

(ङ) कर्मचारीवर्ग की नियुक्ति का स्वरूप

सभी कर्मचारियों को पूर्णकालिक और नियमित आधार पर नियुक्त किया जायेगा । सभी पदों के लिए चयन उपयुक्त रूप से गठित चयन समिति द्वारा ही किया जायेगा । अध्यापक वर्ग के वेतनमान का ढांचा वि० वि० अ० आयोग सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार रहेगा ।

(च) संकाय सदस्यों का चयन

शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर व्यावसायिक डिग्री* अथवा शिक्षा विषय में शोधकार्य में डिग्री* अथवा शिक्षा के क्षेत्र में स्वयंसिद्ध व्यक्तिगत अनुभव/शोधकार्य* के साथ प्राथमिक अध्यापक शिक्षा विभाग के संकाय-सदस्यों के पास भिन्न-भिन्न विषयों में योग्यताएं (तालिका 3 के विवरण के अनुसार) होनी चाहिये ।

तालिका 3 : प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में संकाय सदस्यों की संख्या, योग्यताएं, अनुभव आदि का विवरण

विशेष योग्यता	पदों की संख्या	अनिवार्य योग्यताएं	विशेष रुचि तथा प्रदर्शित अनुभव	प्राथमिक शिक्षा स्नातक पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाने वाला प्रस्तावित विषय
1	2	3	4	5
मनोविज्ञान/बाल विकास	एक	एम० ए० मनोविज्ञान/प्रायोगिक मनोविज्ञान (बाल विकास में विशेष योग्यता)/एम० एस सी० बाल विकास तथा शिक्षा विषय में शोध कार्य में डिग्री	बच्चों के साथ कार्य/बच्चे किस तरह सीखते हैं/काम करते हैं, इन प्रश्नों पर बच्चों के साथ रहकर किया गया कार्य	बाल विकास, अक्षर ज्ञान (कोगनीशन) तथा शिक्षा ग्रहण करना सम्बन्धित शिक्षण-अभ्यास
	तथा	एम० ए० मनोविज्ञान/प्रायोगिक मनोविज्ञान/(क्लिनिकल मनोविज्ञान/काउंसलिंग में विशेष योग्यता	क्लिनिकल मनोविज्ञान काउंसिलिंग	मानव सम्बन्ध/सम्प्रेषण

*प्राथमिक शिक्षा में वरीयता ।

Attested
निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
1 सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
184

1	2	3	4	5
	एक	सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एस० डब्ल्यू०) (व्यक्तित्व विकास तथा काउंसलिंग में विशेष योग्यता तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि/ शिक्षा में शोध कार्य		सम्बन्धित शिक्षा अभ्यास
गणित	एक	एम० ए० गणित/तथा एम० एस० सी० गणित तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर व्यावसायिक डिग्री	रचनात्मक अध्यापन पद्धति	मुख्य गणित बुद्धि (लोजिको) गणित शिक्षा विद्यालय सम्पर्क गणित शिक्षण विधि (पेडागामी)
विज्ञान, जीव विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान	एक	एम० एस० सी० जीव विज्ञान तथा शिक्षा विषय में व्यावसायिक स्नाकतकोत्तर डिग्री	शिक्षा ग्रहण मनोविज्ञान पाठ्यक्रम विषय, विज्ञान शिक्षा	मुख्य प्राकृतिक विज्ञान
	तथा			पर्यावरण अध्ययन की शिक्षा विधि (पेडागागी) विद्यालय सम्पर्क
	एक	एम० एस० सी० भौतिक-विज्ञान तथा शिक्षा विषय में व्यावसायिक स्नातकोत्तर डिग्री	––वही––	प्राकृतिक विज्ञान की शिक्षण विधि (पेडागागी)
सामाजिक विज्ञान	एक	एम० ए० राजनीति शास्त्र (विकासोन्मुखी अध्ययन/ राजनैतिक अर्थशास्त्र में विशेष योग्यता) एम० ए० समाजशास्त्र (विकासोन्मुखी अध्ययन/राजनीति एवं अर्थ-व्यवस्था में विशेष	सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण शिक्षा समकालीन भारतीय समस्याओं का बहु-आयामी परिप्रेक्ष्य का समेकित अध्ययन	मुख्य सामाजिक विज्ञान समकालीन भारतवर्ष
	तथा	योग्यता (एम० ए० इतिहास) सामाजिक शास्त्र दर्शन में विशेष योग्यता तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री/शिक्षा में शोध कार्य		
	एक	एम० ए० सामाजिक विज्ञान तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर व्यावसायिक डिग्री	सामाजिक विज्ञानों में शिक्षण विधि सम्बन्धी अध्ययन, रचनात्मक अध्यापन विधि	पर्यावरण अध्ययन की शिक्षण-विधि
		एम० ए० सामाजिक विज्ञान तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर व्यावसायिक डिग्री		समाजशास्त्र की शिक्षण विधि

attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

1	2	3	4	5
भाषा शास्त्र (लिंगुस्टिक्स)	एक	एम० ए० भाषा शास्त्र/ एम० ए० अंग्रेजी/एम० ए० हिन्दी - भाषा शास्त्र में डिप्लोमा सहित तथा बच्चों में भाषा विकास विषय पर शोधकार्य/शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री/शिक्षा पर शोधकार्य	बच्चों में भाषा विकास, रचनात्मक भाषा अध्यापन विधि	भाषा की प्रकृति भाषा ज्ञान
भाषा : हिन्दी अथवा अंग्रेजी	एक	अंग्रेजी/हिन्दी में एम० ए० साथ ही शिक्षा में व्यावसायिक स्नातकोत्तर उपाधि	पाठ्यचर्या सामग्री का विकास; नवीन विधियों से भाषा-शिक्षण; भाषा की अध्यापन-विधि	पाठ्यचर्या के साथ भाषा सम्बन्धित प्रायोगिक अभ्यास-शिक्षण भाषा की अध्यापन विधि
शिक्षा	एक	दर्शनशास्त्र में एम० ए० तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि/शिक्षा में व्यावसायिक उपाधि	शिक्षा-सिद्धान्त दर्शन तथा नीति	शिक्षा, बाल विकास तथा पाठ्यचर्या अध्ययन के मूल तत्व विद्यालय योजना तथा प्रबन्धन एवं
	तथा एक	सामाजिक विज्ञान में एम० ए०/विज्ञान में एम० एस० सी० तथा शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि	पाठ्यचर्या विषयक, प्रश्न एवं समस्याएं, विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों का परिप्रेक्ष्य	अन्य पाठ्यक्रमों की प्रासंगिक इकाइयों का पाठ्यचर्या अध्ययन
उदार विकल्प (कम से कम 4)	तीन*	सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि	अंतर-विषयक परिप्रेक्ष्य	लिये गये उदार विकल्प
अंशकालिक संकाय	तीन**	सम्बन्धित क्षेत्र में प्रशिक्षण तथा प्रदर्शन-आधारित अनुभव		
रंगमंच		शिक्षा में रंगमंच	आत्म-विकास तथा शिक्षा में रंगमंच के उपयोग की क्षमता	रंगमंच तथा ललित कलाएं
शिल्प		शिल्प-निर्माण/प्रशिक्षण	शिल्प-निर्माण में कुशलता तथा दूसरे व्यक्तियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता	आत्म-विकास कार्यशालाएं
आत्म विकास		क्लिनिकल/काउंसलिंग प्रैक्टिस/सामूहिक प्रशिक्षण	व्यक्तिगत विकास/काउंसलिंग में कार्यशालाएं संचालित करने की क्षमता	आत्म-विकास कार्यशालाएं
शारीरिक शिक्षा		शारीरिक शिक्षा में प्रशिक्षण एवं अभ्यास	शिक्षा के साथ शारीरिक क्रीड़ाओं के विभिन्न रूपों का समेकन करने की क्षमता	शारीरिक शिक्षा

*इनकी सेवाएं किसी संस्थान के सहयोग देने वाले विभागों से ली जाएंगी ।

**एक पूर्णकालिक संकाय के बराबर [ये विशेष योग्यता-प्राप्त स्रोत पुरुष (रिसोर्स परसन) होंगे जो संस्थान के बाहर रहकर अपनी सेवाएं देंगे] ।

Attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

186

IndiaCode

8. अन्य सुविधाएं

संस्थान को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करनी होंगी :—

भौतिक साज-सामान की सुविधाएं

प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०एड०) पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान में जिस भौतिक साज-सामान की व्यवस्था करनी होगी उसका वर्गीकरण (1) शैक्षिक क्षेत्र, (2) प्रशासकीय क्षेत्र तथा (3) सुख–सुविधाओं के अतर्गत हो सकता है।

— शैक्षिक क्षेत्र में कक्षाओं के कमरे, पाठ्यचर्या प्रयोगशाला, संसाधन प्रयोगशाला, सम्मेलन कक्ष, कार्यशाला, प्रेक्षा गृह (ऑडीटोरियम), कम्प्यूटर कक्ष तथा पुस्तकालय रहेंगे।

— प्रशासकीय क्षेत्र में प्राचार्य कक्ष, संकाय के लिए कक्ष, केन्द्रीय कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, अभिलेखागार (रिकार्ड रूम), कम्प्यूटर कक्ष तथा स्वागत कक्ष रहेंगे।

— सुख-सुविधा क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए सामान्य बैठक कक्ष, कर्मचारी कक्ष (स्टाफ रूम), हाल, खेलकूद/मनोरंजन के केन्द्र, जलपान गृह, सहकारी भंडार, औषधालय, तथा सुरक्षा सेवाओं के लिए स्थान रहेगा।

9. स्थान के मानक

जहां अध्यापक शिक्षा की व्यवस्था किसी ऐसे विभाग/महाविद्यालय में की गई है जो किसी विश्वविद्यालय/संस्थान का ही जहां अनेक संकाय और अध्ययन के विभाग हैं, एक अभिन्न अंग है, वहां केन्द्र में उपलब्ध सभी सुविधाओं/सुख-सुविधाओं का उपयोग प्रारम्भिक शिक्षा विभाग और अन्य विभाग मिलकर करेंगे। जहां तक प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का प्रश्न है, उनके लिए अतिरिक्त व्यवस्था करना आवश्यक होगा ताकि प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०ई०एल०ई०डी०) पाठ्यक्रम के विद्यार्थी उनका उपयोग कर सकें। विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के पुस्तकालय के अतिरिक्त स्वयं विभाग का अलग से एक पुस्तकालय भी स्थापित किया जाना चाहिए जिससे प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०एड०) के विद्यार्थियों की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास कार्य (पैडागोगी-बेस्ड प्रैक्टिकम) तथा विद्यालय सपर्क कार्यक्रम के लिए आवश्यक अन्य उपस्करों के साथ ही संसाधन प्रयोगशाला में पढ़ने की पर्याप्त सामग्री भी उपलब्ध रहनी चाहिए। सामान्य सुविधा संबंधी स्थानों जैसे कि पेक्षागृह (ऑडीटोरियम), हॉल, सम्मेलन कक्ष आदि का उपयोग अन्य विभागों के साथ मिलकर किया जा सकता है।

10. प्रारंभिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०एड०) के विद्यार्थियों के लिए ढांचागत विशेष साज-सामान

(क) पाठ्यचर्या प्रयोगशाला—एक

पाठ्यचर्या प्रयोगशाला वह प्रयोगशाला होगी, जहां प्रत्यक्ष रूप में व्यक्तिगत अनुभव ग्रहण करने के कार्यक्रम आयोजित करने का स्थान रहेगा। इस प्रयोगशाला का उपयोग पहले वर्ष के पाठ्यक्रमों जैसे कि शिल्प, मुख्य गणित, मुख्य विज्ञान तथा आंशिक रूप से मुख्य सामाजिक विज्ञान तथा तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम में बुद्धि गणित शिक्षा (लोजिको-मैथेमैटिक्स एज्यूकेशन), पर्यावरण अध्ययन की शिक्षण-पद्धति तथा सामग्री-विकास के प्रायोगिक शिक्षण अभ्यास के प्रयोजन के लिए किया जाएगा।

प्रयोगशाला में विज्ञान तथा गणित में प्रयोग में आने वाली सामग्री तथा साज-सामान जैसे कि यंत्र-सयंत्र (एपरेट्स रसायन, किट, नक्शे, ग्लोब, उपकरण तथा तार उपलब्ध रहने चाहिए। छोटे-छोटे समूहों में काम करने के प्रयोग में आने वाली टेबल भी रहनी चाहिए। फर्नीचर ऐसा होना चाहिए जिसे एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर ले जाया जा सके ताकि तलक्षेत्र में काम करने की जगह मिल सके। प्रयोगशाला में एक ओवरहैड प्रोजेक्टर के उपयोग, सूचना-पट्ट तथा कक्षाएं चलाने के शिए ब्लैकबोर्ड के लिए भी स्थान रहना चाहिए।

(ख) संसाधन प्रयोगशाला—एक

संसाधन प्रयोगशाला का उपयोग एक प्रयोगशाला एवं विभागीय पुस्तकालय के रूप में किया जाएगा। इसमें एक भंडार कक्ष रहना चाहिए। साथ ही पढ़ने के उपयोग की पुस्तकें, पाठ्यचर्या सामग्री, बाल साहित्य, पाठ्यपुस्तकें, रिपोर्ट तथा दस्तावेज उपलब्ध रहने चाहिए। यह सामग्री वह होगी, मुख्य रूप से जिसका उपयोग प्रारंभिक शिक्षा स्नातक (बी०एल०एड०) से संबंधित पाठ्यक्रमों में होता है। इन सभी वस्तुओं की संख्या इतनी अधिक रहनी चाहिए जिससे इनका उपयोग साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र भी कर सकें। संसाधन प्रयोगशाला में संकाय तथा विद्यार्थियों के प्रयोग के लिए एक कम्प्यूटर भी रहना चाहिए। प्रयोगशाला में स्थान भी काफी रहना चाहिए। जिससे इसका इस्तेमाल विद्यार्थियों की बैठकों, कक्षाओं तथा सामूहिक परिचर्चा एवं पढ़ने के लिए भी किया जा सके।

(ग) कार्यशाला के लिए स्थान—दो

संस्थान को रंगमंच कार्यशालाओं, आत्म-विकास कार्यशालाओं तथा शारीरिक शिक्षा कार्यशालाओं जैसी प्रायोगिक शिक्षण-अभ्यास गतिविधियों का आयोजन करने के लिए अलग से स्थान की व्यवस्था करनी होगी। यह स्थान इतना होना चाहिए कि उसमें 30–40 विद्यार्थियों के बैच के लिए आसानी से शारीरिक व्यायाम क्रियाएं करने और आने-जाने को काफी जगह रहे।

11. शुल्क की दरें एवं छात्रवृत्तियां

अनिवार्य

शुल्क की दरों का ढांचा राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई दरों के अनुसार रहना चाहिए। किन्तु किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों से

attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54
187

लिया गया शुल्क और दूसरे खर्च की कुल राशि संस्थान के प्रति विद्यार्थी पर हुए आवर्ती खर्च से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अपेक्षित

अपेक्षा की जाती है कि योग्य गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था हो सकेगी। योग्यता के आधार पर कुछ छात्रवृत्तियां देने का प्रावधान भी रहना चाहिए।

12. कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति का स्वरूप

सभी कर्मचारियों की नियुक्तियां पूर्णकालिक एवं नियमित आधार पर होनी चाहिए। सभी पदों के लिए चयन उचित ढंग से गठित चयन समिति द्वारा ही किया जाना। अध्यापक वर्ग के वेतनमान का ढांचा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सरकार के मानदंडों के अनुसार रहेगा।

चार वर्ष की अवधि के प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक कार्यक्रम (बी० एल० एड०) की योजना

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को +2 के बाद प्रवेश दिया जायेगा।

परिशिष्ट—1 (ए)

सिद्धान्त			प्रायोगिक अभ्यास	शिक्षण		क्रोलोकिया परियोजना	ज्ञानवृद्धि				
	परीक्षा अवधि	कुल डंक		प्रति सप्ताह सम्पर्क के घण्टे	कुल अंक		प्रति सप्ताह सम्पर्क के घण्टे	कुल अंक		प्रति सप्ताह सम्पर्क के घण्टे	कुल योग
1	2	3		4	5		6	7		8	9
प्रथम वर्ष एफ–1 बाल विकास	3	100	पी० आर० आई० पी० सी ललित कलायें	4	75						
एफ–2 समकालीन भारत	3	100									
सी–1.1 भाषा की प्रकृति	3	50	पी० आर० आई०–2 शिला निर्माण में भागीदारी	3	25	क्रोलोकिया ट्यूटोरियल	1	50	मौखिक ज्ञानवर्धन	1	
सी–1.2 मुख्य गणित	2	50									
सी–1.3 मुख्य प्राकृतिक विज्ञान	2	50									
		350		7	100		1	50		1	500

IndiaCode

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
द्वितीय वर्ष	3	100	वी० आर० 2.3 बाल निरीक्षण	2	75					
एफ 2.3 अक्षर ज्ञान और शिक्षा ग्रहण (ओगनीशन एवं लर्निंग)										
एफ.–2.4 भाषा ज्ञान	2	50								
एफ० 5 मानव सम्पर्क एवं संप्रेषण	2	50								
पी 2.1 पाठ्यचर्या माध्यम से भाषा ज्ञान	2	50	पी० आर० 24 आत्म विकास विकास कार्यशाला	3	50	क्रोलोकिया ट्यूटोरियल	1	50	शैक्षिक ज्ञानवर्धन क्रियाकलाप	1
उदार पाठ्यक्रम (विकल्प)	3	100	पी० आर 25							
0.2.1 अंग्रेजी–1			शारीरिक शिक्षा	2	25					
0.2.2 हिन्दी–1										
0.2.3 गणित–1										
0.2.4 भौतिक विज्ञान– 1										
0.2.5 रसायन विज्ञान–1										
0.2.6 जीव विज्ञान–1										
0.2.7 इतिहास–1										
0.2.8 राजनीति शास्त्र– 1										
0.2.9 भूगोल–1										
0.2.10 अभिकरण–1										
		350		7	150		1	50		1 550

4—509 G1/98

सचिव, दिल्ली–54 भारत सरकार मुद्रण शासन दिल्ली

IndiaCode

एक : विषय प्रवेश फाउंडेशन पाठ्यक्रम : सी : मुख्य पाठ्यक्रम : पी : शिक्षण–विधि पाठ्यक्रम : ओ : वैकल्पिक पाठ्यक्रम : ओ : पो : वैकल्पिक शिक्षण-विधि पाठ्यक्रम : ओ : एल : वैकल्पिक पाठ्यक्रम : पी : आर : अभ्यास प्रैक्टिस : एस : सी : विद्यालय संपर्क कार्यक्रम : एस : आई : विद्यालय में अंतरंग अध्यापन–1

पाठ्यक्रम के नाम के अक्षरों के तुरंत बाद एफ० सी० पी० आदि दी गई संख्या कार्यक्रम के उस वर्ष की है जिसमें पाठ्यक्रम को पढ़ाया जाना है। दूसरी संख्या विशेष प्रकार के पाठ्यक्रम के क्रमांक की संख्या है। उदाहरण के लिए एफ० 2.5 से यह संकेत मिलता है कि मानव संसाधन एवं संप्रेषण 5वां पाठ्यक्रम है जिसे कार्यक्रम के अध्ययन काल के दूसरे वर्ष में पढ़ाया जाना है ।

सं० एफ० 28–3/98–99 एन० सी० टी० ई० : धारा 32 का उपधारा 2 के खंड (च) तथा (ज) के अधान प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 एवं 15 के साथ पढ़ा जाय, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निम्नलिखित बनाये गये हैं, यथा :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (शारीरिक शिक्षा में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम–शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र (सी० पी० एड०), शारीरिक शिक्षा में स्नातक । (बी० पी० एड०) तथा शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि (एम० पी० एड०)––की मान्यता के लिए मानक और शर्तें) विनियम, 1998 है।

2. किस पर लागू रहेंगे

ये विनियम पूरा–। में उल्लिखित कोई भी पाठ्यक्रम चलाने वाले विश्वविद्यालयो, मुक्त / खुले विश्वविद्यालयों, उनके / संघटकों सहित संस्थानों और उन अन्य सभी निकायो / संस्थाओं पर, उनके नाम तथा कार्यशैली जो भी हो, लागू रहेंगे ।

3. परिभाषा

संदर्भ के अनुसार जब कोई अन्यथा अर्थ न हो इन विनियमों में :––

(1) "अधिनियम" का अर्थ है राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73)।

(2) "अध्यापक शिक्षा में नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण" का अर्थ है अध्यापक शिक्षा के लिए कोई ऐसा पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण मान्यता प्रदान करने के समय संस्थान द्वारा जिसकी व्यवस्था नहीं थी किन्तु मान्यता-प्राप्त संस्थान द्वारा जिनके लिये व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ।

(3) "क्षेत्रीय समिति" का अर्थ है धारा 20 के अंतर्गत स्थापित समिति ।

(4) अन्य सभी शब्दों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 में निहित है ।

4. मान्यता के लिये आवेदनपत्र

(क) प्रत्येक संस्थान को, जिसने अध्यापक शिक्षा में शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण को व्यवस्था की है / जिसका यह व्यवस्था करने का विचार है, उक्त अधिनियम के अधीन मान्यता के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा समय–समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में अपना आवेदनपत्र देना होगा ।

(ख) आवेदनपत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा सम्बन्धित संस्थान जिसके भूभागीय अधिकार – क्षेत्र में स्थित है ।

5. नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियो की संख्या बढ़ाने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र ।

(क) यदि कहीं कोई मान्यता–प्राप्त संस्थान अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा के लिये कोई नया पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है तो उसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में अपना नया आवेदन पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ख) यदि कहीं कोई मान्यताप्राप्त संस्थान ऐसे पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण के लिए उसमें स्वीकृत संख्या से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देना चाहता है तो उस मान्यता-प्राप्त संस्थान को अपना आवेदनपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ग) आवेदनपत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा, जिसके भूभागीय अधिकार क्षेत्र में संस्थान स्थित है ।

6. आवेदनपत्र भेजने की विधि

(क) मान्यता के लिए आवेदनपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ख) मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा में तथा पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए अनुमति प्राप्त करने का आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ग) संस्थान की मान्यता अथवा तथा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और स्वीकृत संख्या से अधिक विद्यार्थियो को प्रवेश

attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

190

देने की अनुमति के शिए आवेदनपत्र तीन प्रतियो में भेजना होगा।

(घ) उस संस्थान की मान्यता के लिए जिसमें अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की व्यवस्था 17 अगस्त, 1995 के ठीक पहले उपलब्ध थी, आवेदनपत्र सीधे सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जाएगा।

(ङ) ऐसे प्रत्येक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा में पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है किन्तु जो 15 अगस्त, 1995 से ठीक पहले कार्यरत नहीं था, मान्यता के लिए अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाणपत्र" के साथ भेजना होगा, जिसमें वह संस्थान स्थित है।

(च) मान्यता-प्राप्त संस्थानों को उपर्युक्त विनियम 5 के उप-विनियम (ख) के अन्तर्गत विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति के लिए अपना आवेदनपत्र उस सरकार या संघ शासित क्षेत्र से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाणपत्र" के साथ भेजने होगें, जिसमें वह संस्थान स्थित है।

7. शुल्क

संस्थान की मान्यता अथवा मान्यता-प्राप्त संस्थानों द्वारा नया पाठ्यक्रम अथवा प्रवेश के लिए विद्यार्थियो की स्वीकृति संख्या में वृद्धि करने या प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति के लिए भेजे जाने वाले आवेदनपत्र के साथ परिषद द्वारा समय-समय पर उस आवेदन के लिए निर्दिष्ट शुल्क भेजना होगा और यह शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रुप में भेजना होगा, जिसे "क्षेत्रीय समिति, अध्यापक शिक्षा परिषद" के पक्ष में सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति के स्थान पर अदायगी के शिए बनवाया जाएगा।

8. आवेदनपत्र भेजने की समयसीमा

(क) प्रत्यक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण की व्यवस्था करना चाहता है, अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा जो आगामी शिक्षा सत्र के प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार महीने पहले वहां पहुंच जाना चाहिए।

(ख) मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा अध्यापक शिक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करन या प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृति संख्या में वृद्धि करने की अनुमति प्राप्त करने का आवदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जाना चाहिए। जो उनके यहां आगामी शिक्षा-सत्र से प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार महीनें पहले पहुंच जाना चाहिए।

9. मान्यता की शर्तें

(क) मान्यता के शिए प्राप्त आवेदनपत्र में दिए गए तथ्यों की जांचपरख एवं सत्यापन के आधार पर और/अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाए संस्थान का निरीक्षण करके अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात के लिए संतुष्ट करना होगा कि संस्थान के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय, योग्यता प्राप्त कर्मचारीवर्ग, प्रयोगशाला तथा ऐसे अन्य सभी प्रबन्ध हैं जो अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण के के लिए, जिसे वह चला रहा है या जिसे वह प्रारम्भ करना चाहता है, संस्थान के उचित रूप में कार्य करने रहने के लिए आवश्यक है।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक संस्थान द्वारा परिशिष्ट (i), (ii) तथा (iii) में निहित मानकों और मानदण्डों की पूर्ति की गई है।

10. नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यता-प्राप्त संस्थानों को अनुमति प्रदान करने की शर्तें

(क) अध्यापक शिक्षा में शारीरिक शिक्षा का नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त आदवेनपत्र में दिए गए तथ्यों का जांच परख और सत्यापन के आधार पर और/अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाए, संस्थान का निरीक्षण करके अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात के लिए संतुष्ट करना होगा कि संस्थान के पास अध्यापक शिक्षा में शारीरिक शिक्षा का नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए अथवा प्रवेश देने के लिए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय, योग्यता-प्राप्त कर्मचारीवर्ग, प्रयोगशाला तथा अन्य सभी प्रबन्ध हैं जो पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण को चलाने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के शिए आवश्यक है।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की अनुमति के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा परिशिष्ट (I), (II) तथा (III) में निहित मानकों और मानदण्डों को पूर्ति की गई है।

सुरेन्द्र सिंह,
सदस्य सचिव,
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

attested 27/5/11
शिक्षक शिक्षक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

191

परिशिष्ट-I

शारीरिक शिक्षा अध्यापक शिक्षा संस्थानों
के लिये
मानक और मानदंड
शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
(सी० पी० एड०) 2 वर्ष
एन० सी० टी० ई०
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
सी–2/10, सफदरजंग डवलपमेन्ट एरिया

नई दिल्ली–110016

1998

शारीरिक शिक्षा अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये मानक और मानदंड

शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी० पी० एड०)–2 वर्ष

100 विद्यार्थियों की क्षमता वाली इकाई के लिये प्रति वर्ष 50 विद्यार्थियों का प्रवेश

---

1. प्रस्तावना

शारीरिक शिक्षा सामान्य शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में इसके महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया है जिसमें यह उल्लेख है कि शिक्षा के विशाल प्रांगण में शारीरिक शिक्षा के एक राष्ट्रव्यापी आधारभूत ढांचे का निर्माण करने की अत्यंन्त आवश्यकता है। शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार और अभिवृद्धि करने, साथ ही मानव संसाधनों, शैक्षिक अवदान, आधारभूत भौतिक साज-सामान तथा वित्तीय संसाधन के सम्बन्ध में अध्यापक शिक्षा संस्थानों द्वारा उत्तर स्तर की व्यवस्था सम्बन्धी अपेक्षाओं का पालन सुनिश्चित हो सके इस दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा शारीरिक शिक्षा में अध्यापक शिक्षा के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के लिये मानक और मानदंड निर्धारित किये गये हैं।

सिद्धान्ततः अब यह व्यापक रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि साधारण शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों में काम करने वाले अध्यापकों के लिये यदि आवश्यक है कि उन्होंने कम से कम उच्च माध्यमिक परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो, साथ ही उनके पास 2 वर्ष की अवधि का व्यायसायिक प्रमाणपत्र हो। तदनुसार प्राथमिक विद्यालयों में काम करने वाले शारीरिक शिक्षा विषय के अध्यापकों के लिये यह आवश्यक है कि उन्होंने कम से कम उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की हो, साथ ही उनके पास 2 वर्ष की अवधि का शारीरिक शिक्षा में व्यावसायिक प्रमाणपत्र भी हो।

इस दस्तावेज में, शारीरिक शिक्षा (सी० पी० एड०–2 वर्ष) में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र प्रदान करने वाले संस्थानों द्वारा चलाये जाने, नियमित कार्यक्रमों के मानक और मानदंड प्रस्तुत किये जा रहे हैं। ये मानक उन सभी संस्थानों पर लागू होंगे, अध्यापकों को शारीरिक शिक्षा में तैयार करने के लिये जो संस्थान में नियमित कार्यक्रम चलाते है। ये मानक संस्थानों की मान्यता, पाठ्यक्रमों की अनुमति तथा प्रवेश के लिये अतिरिक्त सीटों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए लागू होते हैं।

मानकों का उल्लेख दो वर्गों यथा (1) अनिवार्य तथा (2) अपेक्षित के अंतर्गत किया गया है। अनिवार्य का सम्बन्ध उन न्यूनतम अपेक्षाओं से है, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता/अनुमति प्राप्त करने के लिये सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है और (2) अपेक्षित मानक वे हैं––उचित अवधि में जिनके अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत प्रयत्न करते रहना आवश्यक है।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत भौतिक साज-सामान शीर्षक के अंतर्गत भूखंड, भवन, स्थान, कक्षा के कमरे, पुस्तकालय आदि के लिये जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिये और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है। इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य हों जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य बिना किसी कठिनाई के सुचारु रूप में सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके।

2. मानव संसाधन

2.1 अध्यापक वर्ग

अध्यापक-विद्यार्थी का अनुपात
अनिवार्य 1 : 12
अपेक्षित 1 : 10

पदनाम	आवश्यक संख्या		शैक्षिक योग्यताएं एवं अनुभव
	अनिवार्य	अपेक्षित	
प्राचार्य	1	—	जो राज्य सरकार द्वारा निर्धारित है। शारीरिक शिक्षा में व्यवसायिक स्नातकोत्तर डिग्री, किसी मान्यताप्राप्त शारीरिक शिक्षा संस्थान में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव।
प्राध्यापक (लेक्चरर)	8	10	जो राज्य सरकार द्वारा निर्धारित है। शारीरिक शिक्षा में व्यावसायिक स्नातकोत्तर डिग्री।

attested
192
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेंट्रल लाइब्रेरी दिल्ली–54

2.3 प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या	
	अनिवार्य	अपेक्षित
कार्यालय अधीक्षक	1	--
वरिष्ठ सहायक एवं कोषाध्यक्ष	1	2
क्लर्क	1	3

2.4 अन्य कर्मचारी वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या	
	अनिवार्य	अपेक्षित
चिकित्सा अधिकारी (अंशकालिक)	1 लेक्चरर ग्रेड/संकित भत्ता	1 लेक्चरर ग्रेड
लायब्रेरियन	1	2
अटेन्डेन्ट्स/पचरासी	2	3
प्रयोगशाला सहायक	1	3
चौकीदार	3	4
सफाई कर्मचारी	2	4
ग्राउण्डमेन	6	8
छात्रावास कर्मचारी---बावर्ची (कुक) अटेन्डेन्ट सफाई कर्मचारी, चौकीदार	--	हर एक एक-एक

योग्यताएं . राज्य सरकार के नियमों के अनुसार ।

3. ढांचागत आधारभूत साज-सामान

संस्थान की इमारत यदि उपयुक्त हो और उसमें पर्याप्त स्थान रहे (शैक्षिक खंड, जिमनाजियम, प्रशासकीय खंड, छात्रावास तथा कर्मचारी आवासगृह) तो निश्चय ही शारीरिक शिक्षा विषय में गुणावत्तायुक्त अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाने में अत्यंत सुविधा रहती है । शैक्षिक खंड, खेल के मैदान, इन्डोर-आउटडोर खेलों के लिये कुछ सुविधाएं तथा प्रशासकीय खंड संस्थान के भवन में इनका होना अनिवार्य है । अपेक्षा तो यह भी है कि संस्थान में अन्य सहवर्ती पाठ्येत्तर गतिविधियों के लिये भी पर्याप्त सुविधाएं रहें ।

3.1 स्थान और भवन

भूखंड और स्थान

कम से कम जितना स्थान चाहिए उसमें संस्थान का भवन और खेल के मैदानों के लिये स्थान सम्मिलित है । प्रातःकालीन एवं सायंकालीन शारीरिक क्रियाकलाप सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित करने के लिये छात्रावासों और कर्मचारी आवासगृहों (स्टाफ क्वार्टरों) के लिये पर्याप्त भूखंड का होना भी अनिवार्य है ।

अनिवार्य --5 एकड़
अपेक्षित --8 एकड़

संस्थान ऐसे स्थान पर हो जहां शोरगुल न रहता हो । स्थान का अपेक्षाकृत प्रदूषण-मुक्त होना चाहिए । वहां परिवहन और संचार साधनों की सुविधाएं होनी चाहिएं और बिजली और पानी उपलब्ध रहना चाहिए ।

Attested
(सहायक निदेशक (प्रशासन))
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सोहिल लाइन्स, दिल्ली-54

193

3.2 शैक्षिक क्षेत्र

	अनिवार्य	अपेक्षित
1	2	3
कक्षाओं के कमरे	प्रति 50 विद्यार्थियों के लिए एक कमरा आकार 30 वर्ग मीटर—लगभग	2 अतिरिक्त कमरे (30 वर्ग मीटर)
बहुउद्देशीय हाल	200 वर्ग मीटर	1 (600 वर्ग मीटर)
स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला	2 (30 वर्ग मीटर)	1 (50 वर्ग मीटर)
शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला	1 (30 वर्ग मीटर)	1 (60 वर्ग मीटर)
एनाटोमी फिजियोलाजी प्रयोगशाला	—	1 (30 वर्ग मीटर)
फिजियोथेरापी प्रयोगशाला	—	1 (30 वर्ग मीटर)
खेलकूद—मनोविज्ञान प्रयोगशाला	—	1 (30 वर्ग मीटर)
बायो-मेकेनिक्स प्रयोगशाला	—	1 (30 वर्ग मीटर)
पुस्तकालय	150 वर्ग मीटर	250 वर्ग मीटर

3.3 प्रशासकीय क्षेत्र

मद	तल क्षेत्र	संख्या
	अनिवार्य	अपेक्षित
1	2	3
प्राचार्य कक्ष	1 (25 वर्ग मीटर)	40 वर्ग मीटर
अध्यापक वर्ग के लिये बैठक कक्ष	1 (30 वर्ग मीटर)	50 वर्ग मीटर
अलग अलग कक्ष	—	प्रत्येक के लिये—1 20 वर्ग मीटर 70 वर्ग मीटर
कार्यालय कक्ष	1 (40 वर्ग मीटर)	40 वर्ग मीटर
भंडार-कक्ष		
(क) उपस्कर (यंत्र-संयंत्र)	1 (25 वर्ग मीटर)	40 वर्ग मीटर
(ख) खेलकूद का सामान	1 (25 वर्ग मी०)	
प्रसाधन कक्ष (शौचालय)	2 (पुरुष)	4 (पुरुष)
	3 (महिला)	4 (महिला)
	1 (कर्मचारी वर्ग)	2 (कर्मचारी वर्ग)

IndiaCode

Attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

3.4 पुस्तकालय एवं वाचनालय

अनिवार्य

एक पुस्तकालय एवं वाचनालय हो जिसका तलक्षेत्र 150 वर्ग मीटर (अपेक्षित 250 वर्ग मीटर) हो। इसमें वाचनालय में बैठकर पढ़ने के लिये कम से कम 30 विद्यार्थियों के लिये स्थान रहे। इसमें कम से कम 500 मानक पाठ्य पुस्तकें/संदर्भ ग्रंथ तथा 3 व्यावसायिक पत्रपत्रिकाएं रहें।

अपेक्षित

40 विद्यार्थियों के लिये वाचनालय में बैठकर पढ़ने की सुविधा का स्थान, 1000 पुस्तकें, 5 पत्रपत्रिकाएं हों।

3.5 विद्यार्थी छात्रावास

शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम की प्रकृति और स्वरूप के अनुरूप अपेक्षा यह है कि प्रारम्भ में कम से कम 75 प्रतिशत और 5 वर्ष के भीतर 100 प्रतिशत विद्यार्थियों के रहने के लिये छात्रावास में पर्याप्त स्थान की व्यवस्था हो जाएगी। महिला और पुरुष विद्यार्थियों के लिये अलग-अलग छात्रावासों का होना अनिवार्य है।

3.6 कर्मचारी आवासगृह (स्टाफ क्वार्टर्स)

अपेक्षा यह की जाती है कि प्रारम्भ में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को और 5 वर्ष के भीतर शतप्रतिशत कर्मचारियों को (आवासगृह) (स्टाफ क्वार्टर्स) दे दिये जाने की व्यवस्था हो सकेगी। प्राचार्य/प्रधान, वार्डन, सफाई कर्मचारी, ग्राउण्डमेन तथा अनिवार्य श्रेणी के अन्य कर्मचारियों के रहने का स्थान, संस्थान परिसर में ही होना चाहिए।

3.7. इनडोर और आउटडोर खेलों एवं शारीरिक शिक्षा क्रियाकलापों के लिये सुविधाएं

एक शारीरिक शिक्षा अध्यापक शिक्षा संस्थान में प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया जाना वहां खेलकूद और शारीरिक व्यायाम सम्बन्धी क्रियाकलापों के लिए उपलब्ध पर्याप्त सुविधाओं पर निर्भर करता है। शारीरिक क्रियाकलापों से सम्बन्धित कार्यक्रम सुबह जल्दी और देर सायंकाल के समय आयोजित किये जाने चाहिए। विभिन्न खेलों और खेलकूद के अन्य कार्यक्रमों के लिये 100 मी० × 60 मी० आकार के खेल के एक बहुउद्देश्यीय मैदान का होना अनिवार्य है।

3.8 उपस्कर (यंत्र-संयंत्र)

3.8.1 प्रयोगशालाएं

अनिवार्य

(क) शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

अनिवार्य	अपेक्षित
लाउडस्पीकर (पब्लिक एड्रेस सिस्टम)	वीडियो कैमरा
स्लाइड प्रोजेक्टर	एक सिनेमैटिक प्रोजेक्टर
टेप रिकार्डर	कम्प्यूटर
टेलीविजन सेट	--
वी० सी० आर०	--
ओवरहेड प्रोजेक्ट	

(ख) स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला

अनिवार्य	अपेक्षित
एक लीवर चालित तुलन यंत्र (ए लीवर हवेइंग मशीन)	बोडी कम्पोजीशन एनेलाइजर
एक एन्थ्रोपो मीटर	हेल्थ स्टाइल टेस्टिंग यूनिट
शरीर की बढ़त (ग्रोथ चार्ट) और शरीर संरचना चार्ट	पानी के भीतर तुलन घनत्व एवं मोटापा-प्रवृत्ति मापक यंत्र
अपेक्षित भार-लम्बाई मापी सारिणी चार्ट	
स्किनफोल्ड कैलिपर्स	
रेस्पो मीटर (सांस मापी यंत्र)	
हैमोग्लोबिनो मीटर	

अपेक्षित

एनाटोमी—फीज़ियालॉजी प्रयोगशाला; फीजियो थरापी प्रयोगशाला; खेलकूद मनोविज्ञान प्रयोगशाला; बायो मेकेनिक प्रयोगशाला; माप-तौल के उपयुक्त यंत्र-संयंत्र।

3.8.2 खेल-कूद (स्पोर्टस)

(1) एथलेटिक्स

*	हर्डल्स	20
*	एक स्टार्टिंग क्लियर	1
*	मेजरिंग टेप (लोहे के)	4
*	ट्रेक निशानदेही के लिए तार	1
*	स्टाप वाच	6
*	स्टार्टिंग ब्लाक	6
*	हाईजम्प अपराइट्स	एक जोड़ी
*	क्रासबार	6
*	पोल वाल्ट (कूदने के पोल) (फाइबर ग्लास)	6+2
*	वोल्टिंग बाक्स	
*	डिस्कस (चक्का) (पुरुष तथा महिला)	प्रत्येक के लिए 6
*	हैमर (गोला)—12 (प्रत्येक 4 कि० ग्रा०)	6
*	स्टाप बोर्ड	2
*	सर्किल्स	2
*	फिनिश (छोर) पर निर्णायकों के लिए स्टैण्ड	2
*	झंडों के लिए खंभे (पोल)	20
*	जैवेलिन—पुरुष तथा महिला (जिनमें दो एलकूनियम के हों)	6
*	टेक ऑफ बोर्ड	2

attested सहायक नियंत्रक (प्रशासन) भा० स० सरकार, प्रकाशन विभाग सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

195

(2) खेल

*	बास्केट बाल बोर्ड तथा रिंग	1 (पूरा सेट)
*	वालीबाल पोस्ट	4
*	क्रिकेट, सोफ्ट बाल, थ्रो बाल के लिये उपस्कर (हर एक के लिए सेट)	2
*	टेबिल टैनिस तथा लान टैनिस	2
*	फुटबाल के गोल पोस्ट तथा नेट	2 जोड़ी
*	हैण्डबाल पोस्ट	2 जोड़ी
*	बैडमिन्टन पोस्ट	4
*	बैडमिन्टन रेकिट	24
*	हाकी गोलपोस्ट तथा नेट	1 जोड़ी
*	हाकी स्टिक	3 दर्जन

(3) खेलकूद का सामान तथा अन्य वस्तुएं

*	लेज़म	50 जोड़ी
*	वालीबाल	12
*	बास्केट बाल	12
*	डम्बल	50 जोड़ी
*	भारतीय मुग्दर	50 जोड़ी
*	शारीरिक क्रियाकलापों के लिये झंडियाँ, हूपला रिंग तथा प्रकाश उपकरण	
*	प्रदर्शन	
*	बीट बोर्ड	
*	मार्शल आर्ट के लिए उपस्कर	
*	पैरेलल बार	1
*	पैरेलल बार-अनईविन लड़कियों के लिए	1
*	होरीजोन्टल बार्स	1
*	रोमन रिंग	2
*	रस्से चढ़ने के लिये	2
*	मैट	1 दर्जन जूट की+1 दर्जन रबड़ की
*	वेट लिफ्टिंग सेट/ (पावर लिफ्टिंग सेट)	1
*	बैलेन्स बीम (एडजस्टेबल सेट)	1
*	पोमेल्ड होर्स	1
*	फुटबाल	12
*	हाकीबाल	24

3.8.3 सांस्कृतिक क्रियाकलाप :

पर्याप्त संख्या में उपयुक्त संयंत्र-यंत्रों की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

3.8.4 विविध :

बड़े-बड़े प्रमुख खेलों, छोट खेलों, मनोरंजन खेलों, रिले दौड़ तथा कुश्ती आदि जैसे कम्बेटिव खेलों के लिए जो भी और यंत्र-संयंत्र चाहिए उन सभी की व्यवस्था होनी चाहिए।

4. शैक्षणिक अवदान

4.1 कार्य दिवस :

अनिवार्य

200 दिन (प्रति वर्ष 1400 घंटे)

अपेक्षित :

220 दिन (प्रतिवर्ष 1540 घंटे) ।

छः दिन के सप्ताह में प्रत्येक कार्यदिवस 7 घंटे का रहेगा (सिद्धान्त एवं प्रायोगिक विषयों के लिए बराबर-बराबर समय) । 5 दिन का सप्ताह होने पर घंटे अनुपात में रहेंगे ।

4.2 प्रवेश

4.2.1 पात्रता :

प्रत्याशी ने किसी मान्यता-प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण की हो और परीक्षा में कुल मिला कर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों ।

4.2.2 चयन क्रियाविधि :

सभी प्रत्याशियों का चयन योग्यता के आधार पर होना चाहिए । योग्यता की सूची में स्थान का निर्धारण योग्यता-निर्धारण परीक्षा (क्वालीफाइंग एग्जामिनेशन) तथा/अथवा साक्षात्कार तथा/अथवा प्रवेश परीक्षा के अधार पर लिया जाएगा ।

अंकों में निम्नलिखित दर से वृद्धि की जायेगी :

(क)	नीरोग/श्रेष्ठ स्वास्थ्य (फिजीकल फिटनेस/प्रोफिसिएंसी)	वृद्धि 40 प्रतिशत
(ख)	सिद्धान्त विषय में परीक्षा	वृद्धि 40 प्रतिशत
(ग)	खेलकूदों में भाग लेने का स्तर	वृद्धि 20 प्रतिशत
	(1) राष्ट्रीय स्तर (पहला स्थान)	20 अंक
	(दूसरा स्थान)	18 अंक
	(तीसरा स्थान)	16 अंक
	भाग लेने पर	12 अंक
	(2) राज्य स्तर (पहला स्थान)	12 अंक
	(दूसरा स्थान)	10 अंक
	(तीसरा स्थान)	08 अंक
	भाग लेने पर	06 अंक

attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

196

(3) जिला स्तर	(पहला स्थान)	06 अंक
	(दूसरा स्थान)	04 अंक
	(तीसरा स्थान)	02 अंक
	भाग लेने पर)	01 अंक

प्रमाण-पत्रों की वैधता निश्चित करने के लिए व्यावहारिक परीक्षण के लिए खेलों को व्यक्तिगत रूप से खिला कर देखा जायेगा । सीटों में आरक्षण संवैधानिक कानूनी प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिए ।

5. वित्तीय प्रावधान

5.1 वृत्तिदान तथा आरक्षित निधि :

संस्थान को आर्थिक दृष्टि से मजबूत और ऐसी स्थिति में होना चाहिए कि उसका कार्य चलाना सभव हो । सरकार स्थानीय स्वायत्त प्रशासनों विश्वविद्यालय को यह दायित्व लेगा चाहिए कि समय-समय पर उसके पास पर्याप्त आर्थिक व्यवस्था बनी रहे । निजी उद्योग से चलाये जाने वाले संस्थानों के पास 5 लाख रुपये की वृत्तिदान निधि और इतनी आरक्षित निधि रहनी चाहिए जिससे वे अपने कर्मचारियों को तीन माह के वेतन का भुगतान कर सकें ।

5.2 बजट निर्माण :

संस्थान को अनिवार्य रूप से बजट बनाने, खर्च की मंजूरी देने, लेखा रखने और लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं/पद्धतियों को अपनाना होगा । वार्षिक लेखा परीक्षा चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा की जानी चाहिए ।

5.3 लागत खर्च :

(1) अनावर्ती :

संस्थान के भवन, खेल के मैदानों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, भवन में साज-सामान (फर्निशिंग एंड फिटिंग्स) पर पर्याप्त धन का विनियोग होना चाहिए ।

	अनिवार्य	अपेक्षित
क. संस्थान का भवन और खेल के मैदान	20 लाख	20 लाख
ख. उपस्कर (यंर संयंत्र) तथा पुस्तकें	2 लाख	5 लाख
ग. फर्नीचर	2 लाख	5 लाख
घ. विद्यार्थियों के लिये छात्रावास	---	20 लाख
ड. कर्मचारियों के लिये आवास	---	25 लाख

2. आवर्त्ती : वार्षिक

	अनिवार्य	अपेक्षित
5.4.1 वेतन	राज्य/केन्द्रीय सरकार के मानकों के अनुसार	---
5.4.2 रखरखाव का खर्च मानदेय, यात्रा, क्षेत्र भ्रमण, पुस्तकालय, प्रयोग शालाएं, कम्प्यूटर सोफ्टवेयर आदि के लिये सामग्री की खरीद तथा सामान्य सुख सुविधाएं आदि	3 लाख	4 लाख
5.4.3 पुस्तकालय के लिये पुस्तकें	25000 रु०	50000 रुपये
5.4.4 उपस्करों (यंत्र-संयंत्र) में वृद्धि /नई खरीद : खेल कूद /खेल तथा एथलेटिक्स	30000 रुपये	50000 रुपये

टिप्पणी : सुख सुविधाओं और सहूलियतों में वृद्धि करने की दृष्टि से प्रति वर्ष योजना-शीर्ष के अन्तर्गत 1 लाख रुपये का प्रावधान किया जाना चाहिये ।

attested
वित्तीय निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
197

5.4 शुल्क :

शुल्क की दरें समय-समय पर राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ढांचे के अनुसार होनी चाहिए । ट्यूशन शुल्क निर्धारित करने का मानदंड यही है कि वह आवर्ती लागत खर्च के रूप में प्रति वर्ष प्रति विद्यार्थी पर जितना खर्च होता है उससे अधिक नहीं होना चाहिए ।

अपेक्षा यह की जाती है कि योग्यता और साधन के आधार पर 10 प्रतिशत विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने/छात्रवृत्तियां दी जाएं ।

यदि एक ही संस्थान द्वारा उसी भवन/परिसर में एक से अधिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था है तो उस स्थिति में भवन, हाल, पुस्तकालय, छात्रावास, उपकरण, खेल के मैदान आदि के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का सभी मिलकर यथावश्यक उचित लाभ उठा सकते हैं ।

परिशिष्ट–II

शारीरिक शिक्षा अध्यापक शिक्षा संस्थानों

के लिए

मानक और मानदंड

स्नातकोत्तर (पी० जी०) डिप्लोमा/स्नातक शारीरिक शिक्षा

(बी० पी० एड०)

दो वर्ष

एन० सी० टी० ई०

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्

सी–2ı0 सफदरजंग डवलपमैन्ट एरिया

नई दिल्ली

1998

परिशिष्ट II

स्नातकोत्तर (पी० जी०) डिप्लोमा/शारीरिक शिक्षा स्नातक (बी० पी० एड०) पाठ्यक्रम (दो वर्ष की अवधि) में शिक्षा देने वाले संस्थानों के लिए मानक और मानदंड

(100 विद्यार्थियों की क्षमता वाली इकाई—प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों का प्रवेश)

1. प्रस्तावना :

शारीरिक शिक्षा सामान्य शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 में इसके महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया है, जिसमें यह उल्लेख है कि शिक्षा के विशाल प्रांगण में शारीरिक शिक्षा के एक राष्ट्रव्यापी आधारभूत ढांचे का निर्माण करने की अत्यन्त आवश्यकता है । शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार और अभिवृद्धि करने, साथ ही मानव संसाधनों, शैक्षिक अवदान, आधारभूत भौतिक साज-सामान तथा वित्तीय संसाधन के सम्बन्ध में अध्यापक शिक्षा संस्थानों द्वारा उत्तम स्तर की व्यवस्था सम्बन्धी अपेक्षाओं का पालन सुनिश्चित हो सके, इस दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा शारीरिक शिक्षा में अध्यापक शिक्षा के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के लिए मानक और मानदंड निर्धारित किये गये हैं ।

सिद्धान्ततः अब यह व्यापक रुप से स्वीकार कर लिया गया है कि उच्च/माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाले अध्यापकों ने कम से कम स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की हो; साथ ही उनके पास व्यावसायिक डिप्लोमा/डिग्री भी हो । तदनुसार उच्च/माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाले शारीरिक शिक्षा विषय के अध्यापकों के लिए यह आवश्यक है कि शारीरिक शिक्षा (व्यावसायिक डिग्री) में स्नातक हों अथवा सामान्य शिक्षा में स्नातक हों, साथ ही उनके पास शारीरिक शिक्षा विषय में डिग्री हो ।

इस दस्तावेज में स्नातकोत्तर (पी० जी०) डिप्लोमा/बी० पी० एड० (दो वर्ष की अवधि) तक शिक्षा देने वाले संस्थानों द्वारा चलाये जाने वाले नियमित कार्यक्रमों के मानक और मानदंड प्रस्तुत किए जा रहे हैं । ये मानक उन सभी संस्थानों पर लागू होंगे, अध्यापकों को शारीरिक शिक्षा में तैयार करने के लिए जो नियमित कार्यक्रम चलाते हैं । ये मानक संस्थानों को मान्यता, पाठ्यक्रमों की अनुमति तथा प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीटों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिये लागू होते हैं ।

मानकों का उल्लेख दो वर्गों यथा (1) अनिवार्य तथा (2) अपेक्षित के अन्तर्गत किया गया है । अनिवार्य का सम्बन्ध उन न्यूनतम अपेक्षाओं से है, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता/अनुमति प्राप्त करने के लिए सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है और (2) अपेक्षित मानक वे हैं उचित अवधि में जिनके अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत् प्रयत्न करते रहना आवश्यक है ।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत भौतिक साज-सामान शीर्षक के अन्तर्गत भूखंड, भवन, स्थान, कक्षा के कमरे, पुस्तकालय आदि के लिए जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिये और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है । इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य हों जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य बिना किसी कठिनाई के सुचारु रुप में सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

2. मानव संसाधन :

2.1 अध्यापक–विद्यार्थी अनुपात

अनिवार्य : 1:12

अपेक्षित : 1:10

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

198

2.2 अध्यापक वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या अनिवार्य	अपेक्षित	शैक्षिक योग्यतायें और अनुभव
प्राचार्य/प्रधान (प्रोफेसर पदक्रम)	1	–	वि०वि० अ० आयोग/विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार; मान्यता प्राप्त शारीरिक शिक्षा संस्थान में 5 वर्ष के अनुभव के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर
रीडर	2	2	वि० वि० अ० आयोग/विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार; शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री
प्राध्यापक (लेक्चरर)	6	8	वि० वि० अ० आयोग/विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार; शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री
अंशकालिक प्रशिक्षण (कोच)	खेलकूद/स्पोर्ट में हरएक में एक एक		वि० वि० अ० आयोग/विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार; शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री

2.3 सहायक कर्मचारी वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या अनिवार्य	अपेक्षित	शैक्षिक योग्यतायें एवं अनुभव
चिकित्सा अधिकारी	1		एम० बी० बी० एस० 1 खेलकूद, औषधि विज्ञान (स्पोर्टस मैडीसिन), फिजियोथेरापी में डिप्लोमा धारक को वरीयता वि०वि० अ० आयोग/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योग्यताओं के अनुसार
लायब्रेरियन	प्राध्यापक (लैक्चरर ग्रेड) 1		
व्यावसायिक सहायक (पी०ए)	1	2	,,
पुस्तकालय सहायक	1	2	,,
अटेंडैन्ट	1	2	,,
प्रयोगशाला सहायक	1	हर एक प्रयोगशाला में एक	,,
तकनीकी सहायक (कम्प्यूटर)	1	2	,,
चपरासी/अटेंडेन्ट	1	2	,,
चौकीदार	3	4	,,
सफाई कर्मचारी	2	3	,,
ग्राउंडसमैन कम-मार्कर्स	6	8	,,

2.4 प्रशासकीय कर्मचारी

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित
प्रधान/प्राचार्य के लिये निजी सहायक	1	--
अनुभाग अधिकारी/कार्यालय अधीक्षक	1	2
सहायक/खंजांची/क्लर्क	3	4
स्टोरकीपर	1	2
छात्रावास कर्मचारी : बावर्ची (कुक) अटेन्डेन्ट, चौकीदार, सफाई कर्मचारी	–	हर एक एक-एक

योग्यतायें : राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार

IndiaCode

attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

199

3. ढांचागत आधारभूत साजसामान :

संस्थान की इमारत यदि उपयुक्त हो और उसमें पर्याप्त स्थान रहे (शैक्षिक खंड, जिमनाजियम, प्रशासकीय खंड, छात्रावास तथा कर्मचारी आवासगृह सहित) तो शारीरिक शिक्षा विषय में गुणवत्तायुक्त अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाने में निश्चय ही सुविधा रहती है ।

3.1 स्थान और भवन :

भूखंड तथा स्थान :

कम से कम जितना स्थान चाहिए उसमें संस्थान का भवन और खेल के मैदानों के लिए स्थान सम्मिलित है।

अनिवार्य	अपेक्षित
8 एकड़	10 एकड़
भूखण्ड (5 एकड़ खेल के मैदानों के लिये और 3 एकड़ भवन, छात्रावास तथा कर्मचारी आवासगृहो के लिए)	(6 एकड़ खेल के मदानों के लिये 4 एकड़ भवन, छात्रावास तथा कर्मचारी आवासगृहों के लिये)

संस्थान ऐसे स्त्रान पर होना चाहिये जहां शोरगुल न रहता हो। स्थान को अपेक्षाकृत प्रदूषण मुक्त होना चाहिष। जहां परिवहन और संचार साधनों की सुविधायें होनी चाहिएं और बिजली तथा पानी उपलब्ध रहना चाहिये।

3.2 शैक्षिक क्षेत्र

	अनिवार्य	अपेक्षित
कक्षाओं के कमरे	प्रति 50 विद्यार्थियो के लिए कमरा आकार : 50 वर्ग मीटर	(1) संगोष्ठी (सेमिनार आदि) के लिये प्रति 100 विद्यार्थी (1)
